

महात्मा गांधी के विचार

*कोई भी साधु या संन्यासी कर्म किए बिना नहीं रह सकता। खाना, पीना, श्वास लेना, भिक्षार्थ पर्यटन करना और धर्म का व्याख्यान करना ये सब कर्म ही तो हैं। फिर भी ये कर्म साधु-संन्यासियों के लिए त्याज्य नहीं माने जाते, क्योंकि ये तो निष्काम बुद्धि और परमार्थ भावना से ही किए जाते हैं। समाज से भरण-पोषण पाने के कारण समाज की सेवा करना साधु-संन्यासियों का धर्म है।*

दैनिक *नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक* K K

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-58 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 09 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## ट्रंप ने किया युद्धविराम का ऐलान, ईरान युद्ध पर 'दो हफ्ते' का ब्रेक; तेहरान ने लगाई मुहर



वॉशिगटन (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक अहम घोषणा करते हुए ईरान पर प्रस्तावित हमलों को दो सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला लिया है। ट्रंप के अनुसार, यह निर्णय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ हुई बातचीत के बाद लिया गया। ट्रंप ने कहा कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह, तुरंत और सुरक्षित रूप से खोलने पर सहमत होता है, तो यह एक दोतरफा युद्धविराम होगा। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि पाकिस्तान की ओर से हमले रोकने का अनुरोध किया गया था, जिसे उन्होंने इस शर्त पर स्वीकार किया।उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिका अपने अधिकांश सैन्य उद्देश्यों को हासिल कर चुका है और अब दीर्घकालिक शांति समझौते की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हो चुकी है। ट्रंप के मुताबिक, ईरान की ओर से 10 सूत्रीय प्रस्ताव भी मिला है, जिसे बातचीत के लिए एक व्यावहारिक आधार माना जा रहा है।रिपोट्र्स के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि युद्धविराम तभी प्रभावी होगा जब होर्मुज जलडमरूमध्य को खोल दिया जाएगा। वहीं, ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने भी इस दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते की पुष्टि कर दी है। बयान में कहा गया है कि यह समझौता ईरान के लिए एक जीत है और स्थायी शांति के लिए आगे की वार्ता इस्लामाबाद में होगी।

### जंग खत्म नही फिलहाल फायरिंग बंद करे सेना, सीजफायर के बीच ईरानी सुप्रीम लीडर का बड़ा बयान


तेहरान (ए.)। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच दो हफ्ते के युद्धविराम पर सहमति बन गई है। इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने देश की सभी सैन्य इकाइयों को तुरंत फायरिंग रोकने का आदेश दिया है। राज्य संचालित प्रसारक इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (IRIB) पर जारी बयान में खामेनेई ने कहा कि यह युद्ध का अंत नहीं है, लेकिन सभी सैन्य शाखाओं को सर्वोच्च नेता के आदेश का पालन करते हुए फायरिंग बंद करनी चाहिए। युद्धविराम के बावजूद ईरान ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने कहा कि यह कदम युद्ध खत्म होने का संकेत नहीं है और अगर अमेरिका या इस्राइल की ओर से कोई भी छोटी सी गलती होती है तो उसका जवाब पूरी ताकत से दिया जाएगा। बयान में कहा गया कि हमारी उंगलियां ट्रिगर पर हैं और दुश्मन की किसी भी गलती का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

## 11 राज्यों में तूफानी बारिश के साथ ओलावृष्टि का खतरा, दिल्ली में उड़ानों का संचालन हुआ प्रभावित

नईदिल्ली (आरएनएस)। एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने और हवा का पैटर्न बदलने के कारण इस बार ऐसा लग रहा है कि समय से पहले ही मानसून आ गया है। तेज गर्मी



और लू के थपेड़ों की जगह ठंडी हवाओं से मौसम सुहाना बना हुआ है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को भी उत्तर प्रदेश, बिहार समेत 11 राज्यों में तूफानी बारिश की संभावना जताई है। कुछ जगह ओलावृष्टि और पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी भी हो सकती है। उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान से लेकर मध्य प्रदेश तक 8 अप्रैल को हल्की से मध्यम बारिश होने का अलर्ट है। इस दौरान 50-60 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में ओले गिरने के आसार हैं।



*मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जबलपुर ज़िले में स्थित जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में कृषि मंथन कार्यक्रम के दौरान कैट मॉनिटरिंग ऐप लॉन्च किया। इस ऐप का उद्देश्य कृषि से जुड़ी पहलों की प्रोजेक्ट रिपोर्टिंग, जियो-टैगिंग और रियल-टाइम मॉनिटरिंग की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है।*

## भारत ने अमेरिका-ईरान सीजफायर का स्वागत किया, समझौते से पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की उम्मीद जताई



नईदिल्ली , (आरएनएस)। अमेरिका-ईरान के बीच सीजफायर के ऐलान के बाद भारत सरकार की पहली प्रतिक्रिया आई है। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर सीजफायर का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम इस संघर्ष-विराम का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी। जैसा कि हमने पहले भी लगातार जोर दिया है, जारी संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त करने के लिए तनाव कम करना, बातचीत और कूटनीति अत्यंत आवश्यक हैं।बयान में आगे कहा गया है, इस संघर्ष ने लोगों को पहले ही भारी कष्ट पहुंचाया है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति तथा व्यापार नेटवर्क को बाधित किया है। हमें उम्मीद है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते नौवहन की अबाध स्वतंत्रता और वैश्विक वाणिज्य का प्रवाह बना रहेगा।

वहीं, सीजफायर के ऐलान के बाद होर्मुज का रास्ता फिर खुल रहा है। भारत सरकार की ओर से दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार अभी फारस की खाड़ी में भारत के 16 जहाज लंगर डाले खड़े हैं। जिनपर 433 नाविक फंसे हुए थे। अब ये जहाज जल्द कूच करने की तैयारी में हैं। इन जहाजों को भारत पहुंचने में तीन दिन से लेकर एक हफ्ते तक का समय लग सकता है।

### भारत ने युद्धविराम का स्वागत किया, विदेश मंत्री एस जयशंकर यूएई का दौरा करेंगे

नईदिल्ली (आरएनएस)। अमेरिका और ईरान के बीच 2 हफ्ते के युद्धविराम की घोषणा होने के बाद भारत ने इसका स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि इस युद्धविराम से पश्चिमी एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी और समस्याओं पर विराम लगेगा। भारत ने आशा जताई कि युद्धविराम से होर्मुज जलडमरूमध्य से निर्बाध नौवहन और वैश्विक व्यापार का प्रवाह बना रहेगा, जिसकी वजह से ईंधन संकट पैदा हुआ था।

मंत्रालय ने बयान में कहा, हम युद्धविराम का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी। हमने पहले भी कई बार कहा है, मौजूदा संघर्ष को जल्द समाप्त करने के लिए संवाद और कूटनीति आवश्यक हैं। इस संघर्ष ने लोगों को भारी पीड़ा पहुंचाई है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार नेटवर्क को बाधित किया है। हम आशा करते हैं कि होर्मुज जलडमरूमध्य से निर्बाध नौवहन और वैश्विक व्यापार प्रवाह जारी रहेगा।

### रामपाल को बड़ी राहत, हाईकोर्ट से मिली जमानत, 11 साल के बाद अब जेल से बाहर आएंगे



चंडीगढ़, (आरएनएस)। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने बुधवार को देशद्रोह मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे सतलोक आश्रम के प्रमुख रामपाल बाबा को जमानत दे दी। रामपाल पिछले 11 साल 4 महीने से हरियाणा की हिसार की जेल में बंद थे। उन्हें जल्द ही कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने बाद रिहा कर दिया जाएगा। हिसार केंद्रीय जेल-2 के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि हाई कोर्ट से आदेश संबंधित कोर्ट पहुंचेगा, जहां जमानत बांड दाखिल होने के बाद आदेश जेल आएगा।

12 जुलाई, 2006 को रोहतक के करोन्था आश्रम में स्वामी दयानंद सरस्वती की पुस्तक पर टिप्पणी को लेकर रामपाल और आर्य समाज समर्थकों बीच झड़प हुई थी।

## चुनाव आयोग की तृणमूल कांग्रेस को दो-टूक, कहा- बंगाल चुनाव भय और हिंसा रहित होकर रहेंगे

नईदिल्ली (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले मचे बवाल को देखते हुए चुनाव आयोग ने साफ शब्दों में अपना संदेश जारी





किया है, जो तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नाम है। आयोग ने एक्स पर टीएमसी नाम लेते हुए अंग्रेजी और हिंदी में चेतावनी दी कि इस बार के चुनाव में किसी गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उसने कहा कि बंगाल में इस बार के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से और बिना धमकी के होंगे।आयोग ने एक्स पर लिखा, चुनाव आयोग की तृणमूल कांग्रेस को दो टूक। पश्चिम बंगाल में इस बार चुनाव- भय रहित, हिंसा रहित, धमकी रहित, प्रलोभन रहित, छापा रहित, बूथ एवं सोर्स जामिंग रहित होकर ही रहेंगे। जानकारों का कहना है कि यह पहली बार है जब आयोग ने इस तरह किसी पार्टी को सार्वजनिक तौर पर कठघरे में खड़ा किया है। आयोग की पोस्ट ने इस बात को भी बल दिया है कि टीएमसी चुनाव गड़बड़ी में शामिल है।

### सलमान खान को राजस्थान हाई कोर्ट से राहत, भ्रामक विज्ञापन मामले में जमानती वारंट पर रोक

जयपुर(आरएनएस)। भ्रामक विज्ञापन मामले में सुपरस्टार सलमान खान के लिए राहत की खबर सामने आई है। दरअसल, राजस्थान हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए अभिनेता के खिलाफ जारी किए गए जमानती वारंट पर रोक लगा दी है। ये मामला एक विज्ञापन से जुड़ा है, जिसे भ्रामक बताया गया था और इसी सिलसिले में निचली अदालत ने सलमान को पेश होने के लिए वारंट जारी किया था।कोर्ट ने सलमान को बड़ी राहत देते हुए जयपुर जिला उपभोक्ता आयोग-द्वितीय द्वारा जारी जमानती वारंट पर रोक लगा दी है। इस फैसले का मतलब है कि अब अभिनेता को 13 अप्रैल को आयोग के समक्ष पेश होने की आवश्यकता नहीं है।

### अडाणी समूह को अमेरिकी अदालत में मिली जीत, धोखाधड़ी मामला खारिज करने पर होगी सुनवाई

नईदिल्ली (आरएनएस)। अरबपति गौतम अडाणी को धोखाधड़ी के मामले में अमेरिका की अदालत में एक बड़ी राहत मिली है। न्यायाधीश ने उनके अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) के धोखाधड़ी मामले को खारिज करने के लिए सुनवाई निर्धारित करने का अनुरोध स्वीकार कर लिया है। अडाणी समूह का कहना है कि इस मामले में आवश्यक क्षेत्राधिकार का अभाव है। यह घटना अडाणी और उनके भतीजे सागर के वकीलों द्वारा मामले को खारिज करने की मांग वाली याचिका दायर करने के बाद हुई।अपनी याचिका में अडाणी परिवार के वकीलों ने कहा कि कथित रिश्वतखोरी योजना का समर्थन करने वाला कोई विश्वसनीय सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि एसईसी के पास इन दोनों व्यक्तियों पर आवश्यक अधिकार क्षेत्र नहीं था।



मणिपुर के इम्फाल पूर्वी ज़िले में, बिष्णुपुर ज़िले में हाल ही में हुए बम धमाके के बाद-जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई थी और उनकी माँ घायल हो गई थीं-कर्फ़्यू के दौरान प्रदर्शनकारियों के मुख्यमंत्री के बंगले की ओर मार्च करने की कोशिश के बीच, वांगखेई में सुरक्षा बल पहरा दे रहे हैं।

## वेयर हाउस कार्यालय में चुपचाप होती है धांधली

### वर्षों से जमा बाबू करता है सेटिंग, वेयर हाउस वाले लगाते हैं चक्कर

नर्मदापुरम( निप्र)। पंवारखेड़ा स्थित क्षैत्रीय वेयर हाउस कार्यालय में वर्षों से मूंग दल रहा बाबू अपना रौब जमाए हुए है। उसके पास वेयर हाउस वालों का तांता लगा रहता है। वही बाबू उल्टू सीधे गणित का खेल खेतला रहता है। लंच के नाम से कभी इटारसी कभी होशंगाबाद भागता रहता है। वेयर हाउस वाले उसकी कुछ ज्यादा ही सेवा करते हैं। अधिकारी को इतनी भी फुर्सत नहीं रहती है कि वह देख सके कि बाबू कब से नहीं है कहां गया है। लंच के नाम पर वेयर हाउस वालों के साथ होटल में क्या कर रहा है। अनेक वेयर हाउस वाले उसी के पास मंडराते हैं। वह चाहे तो तुरंत कार्य करवा देता है या फिर चक्कर लगवाता रहता है। मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी पंवारखेडा के वेयर हाउस कार्यालय में कभी निरीक्षण करने के लिए नहीं जाते हैं। यह बात उनको भी मालुम रहती है। बाबू का इतना रौब है कि उसकी कोई शिकायत तक नहीं कर पाता है। उसके बचाव में अन्य कर्मचारी लगे रहते हैं। यदि वह सीट पर नहीं है और वहां के कर्मचारी को मालुम है कि वह कहां गया है तो भी वे कहते हैं कि लंच करने के लिए अभी गए हैं। या झूट बोलकर उसका बचाव करते हुए कह देते हैं कि कोर्ट की तरफ गए हैं। किसी ने उनको बुलाया है। लेकिन मजाल है कि उनके अधिकारी उससे कुछ कह सकें। लंबे अरसे से जमे बाबू अपडाउन करते हैं। उनका तबादला होना चाहिए। जब तक अंगद की तरह पैर जमाए हुए बाबू का तबादला नहीं होगा तब तक उसकी कार्यालय में चलती रहेगी। वेयर हाउस वालों की मजबूरी है कि उसी के पास जाकर अपना वेयर हाउस में अनाज रखवाने या वेयर हाउस से संबंधित आवश्यक कार्य कराने पड़ते हैं।




### आम आदमी को महंगे लोन से नहीं मिलेगी राहत, आरबीआई ने रेपो रेट में नहीं किया बदलाव

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय रिजर्व बैंक ने अप्रैल 2026 की मौद्रिक नीति के फैसले की घोषणा कर दी, जिसमें रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर बरकरार रखने का फैसला लिया गया। संभावना जताई जा रही थी कि इस बार भी दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। फिलहाल रेपो रेट 5.25 फीसदी रहेगी। यह निर्णय बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहा और छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने दो दिनों की चर्चा के बाद सर्वसम्मति से इसे मंजूरी दी। आरबीआई के इस फैसले का उद्देश्य मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक स्थिरता बनाए रखना है।आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने नीतिगत निर्णय की घोषणा करते हुए कहा कि बैंक दर और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) की दर 5.50 प्रतिशत पर यथावत रखी गई है।

## विधानसभा चुनावः असम, केरल और पुडुचेरी में मतदान आज, सभी तैयारियां पूरी

नई दिल्ली,(ए)। असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए 9 अप्रैल (गुरुवार) को एक ही चरण में मतदान कराया जाएगा। चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की किस्मत 09 अप्रैल को ईवीएम में बंद हो जाएगी। इन सभी सीटों के लिए मतदान प्रक्रिया एक ही चरण में पूरी की जाएगी।असम में कुल 2.5 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.25 करोड़ पुरुष, 1.25 करोड़ महिलाएं और 343 तीसरे लिंग के मतदाता शामिल हैं। 18-19 आयु वर्ग के 5.75 लाख युवा मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। असम की 126 विधानसभा सीटों के लिए 722 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यहां बहुमत का आंकड़ा 64 है। राज्य की 15वीं विधानसभा का कार्यकाल 20 मई, 2026 को समाप्त होने वाला है। इसी तरह से केरल विधानसभा की 140 सीटों के लिए 890 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यहां मुकाबला त्रिकोणीय है, जिसमें प्रमुख राजनीतिक दल शामिल हैं। सरकार बनाने के लिए 71 सीटों के बहुमत की आवश्यकता है। राज्य में कुल 2.71 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.32 करोड़ पुरुष, 1.39 करोड़ महिलाएं और 273 तीसरे लिंग के मतदाता शामिल हैं। वहीं, पुडुचेरी में 30 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं, जिनमें से पांच सीटें



अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित हैं। सरकार बनाने के लिए 16 सीटों के बहुमत की आवश्यकता है। यहां कुल 9.44 लाख मतदाता हैं, जिनमें लगभग 4.43 लाख पुरुष, 5 लाख महिलाएं और 139 तीसरे लिंग के मतदाता शामिल हैं।असम चुनाव के लिए 31,490 पोलिंग स्टेशनों पर 25,054,463 मतदाता मताधिकार के हकदार हैं और इन सभी मतदान केंद्रों की निगरानी लाइव वेबकास्ट के ज़रिए की जाएगी। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) कार्यालय से जारी जानकारी में कहा गया है कि सीईओ अनुराग गोयल की अगुवाई में सभी संबंधित अधिकारी मतदान प्रक्रिया से जुड़ी अपनी ज़िम्मेदारियां देख रहे हैं। कानून-व्यवस्था और चुनाव खर्च समेत सभी पहलुओं की कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने पहले ही केंद्रीय पर्यवेक्षकों को तैनात कर दिया है।निगरानी व्यवस्था और मज़बूत करने के लिए आयोग के निर्देशों के मुताबिक वेबकास्टिंग की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। सभी 31,490 पोलिंग स्टेशनों पर वेबकास्टिंग की सुविधाएं चालू कर दी गई हैं, इनमें 31,486 मुख्य मतदान केंद्र और 4 सहायक मतदान केंद्र शामिल हैं।

### हवाई अड्डे के शुल्क में 25 फीसदी की कटौती, एयरलाइंस को दी राहत

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारत के हवाई अड्डा शुल्क नियामक ने प्रमुख हवाई अड्डों को अगले 3 महीनों के लिए घरेलू उड़ानों के लैंडिंग और पार्किंग शुल्क में 25 प्रतिशत की कटौती करने का निर्देश दिया है। इससे अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण वित्तीय संकट से जूझ रही एयरलाइंस को राहत मिलेगी। यह निर्णय इंडिगो और एयर इंडिया की ओर से हवाई अड्डों द्वारा लगाए गए कुछ शुल्कों को कम करने के अनुरोध के बाद लिया गया है।भारतीय विमानन आर्थिक नियामक प्राधिकरण ने सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए कहा कि शुल्कों में यह अस्थायी कमी तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इस कमी के कारण हवाई अड्डों के राजस्व में होने वाली किसी भी कमी को भविष्य में शुल्क समीक्षा के दौरान ध्यान में रखा जाएगा।



# कॉलेज के पास शराब दुकान के विरोध में सड़क पर उतरी एबीवीपी

- किया उग्र-प्रर्दशन, गुस्साये छात्रो ने की सड़क जाम, दुकान पर किया पथराव
- पुलिस-प्रदर्शनकारियो के बीच बनी विवाद की स्थिति



भोपाल (ए.)। एमएलबी गर्ल्स कॉलेज और एसवी को-एड कॉलेज के पास ही स्थित शराब दुकान का विरोध कर रही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। गुस्साये छात्रों ने नारेबाजी करते हुए जहॉ सड़क जाम कर दी वहीं दुकान पर पथराव भी किया। हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने उन्हें काबू करने का प्रयास किया जिसे लेकर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तनाव की स्थिति भी बनी। एबीवीपी ने प्रशासन पर नियमों की अनदेखी और छात्राओं की सुरक्षा से समझौता करने के आरोप लगाकर दुकान को हटाने की मांग की। मौके पर पहुचें अधिकारियो ने छात्रो से बातचीत कर भरोसा दिलाया की जल्द ही उचित कार्रवाई की जायेगी। जानकारी के अनुसार एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने बुधवार दोपहर पॉलिटेक्नीक चौराहा पर विरोध प्रदर्शन करते हुए राजा-भोज सेतू से पॉलिटेक्नीक चौराहा तक का रास्ता जाम कर दिया। इससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ और वाहनो की कतार लग गई। हालांकि मौके पर पुलिस बल तैनात रहा, लेकिन प्रदर्शन धीरे-धीरे उग्र होता गया। प्रदर्शन के दौरान गुस्साये कार्यकर्ताओं ने शराब दुकान पर पथराव करने के साथ ही बोर्ड को फाड़ दिया। एबीवीपी ने आरोप लगाया कि पॉलिटेक्नीक चौराहा स्थित शराब दुकान, एमएलबी गर्ल्स कॉलेज और एसवी को-एड कॉलेज जैसे शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि यह नियमों का सीधा उल्लंघन है, और इसमें प्रशासन की मिलीभगत साफ नजर आती है। संगठन का यह भी आरोप है, कि शराब पीकर निकलने वाले लोग छात्राओं को निशाना बनाते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा खतरे में है। इससे पहले एबीवीपी ने प्रशासन को ज्ञापन देकर शराब दुकान हटाने की मांग की थी।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज से की भेंट



जबलपुर/ भोपाल(ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को जबलपुर तुलसी पीठाधीश्वर, पद्म विभूषण, जगद्गुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज से साकेत वाटिका में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामी श्री रामभद्राचार्य का शॉल श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व प्रसिद्ध श्री रामकथा वाचक स्वामीजी से आत्मीयता से भेंटकर प्रदेश के कल्याण और विकास के लिए शुभाशीष प्राप्त किया। स्वामीजी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का माला पहनाकर स्वागत किया और आशीर्वाद दिया। स्वामीजी के अनुयायियों ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह के रूप में श्री राम दरबार की प्रतिकृति भेंट की। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण सहित समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन भी उपस्थित थे।जबलपुर के आयुर्वेद कॉलेज मैदान ग्वारीघाट में स्वामी रामभद्राचार्य जी श्री रामकथा कर रहे है। विगत 5 अप्रैल से चल रही इस श्रीराम कथा का समापन 13 अप्रैल को होगा।

# हमीदिया में हुए गोलीकांड का वीडियो आया सामने

**- एक हाथ में पिस्टल, दूसरे में हथियार लेकर घूमता नजर आया बदमाश शादाब**

भोपाल(ए.)। कोहेफिजा थाना इलाके में स्थित हमीदिया अस्पताल में बीती 14 मार्च को हुई फायरिंग की घटना का सीसीटीवी 24 दिन बाद सोशल मीडिया पर सामने आया है। वायरल वीडियो में कुख्यात शादाब कुरैशी उर्फ गेट फायरिंग करते नजर आ रहा है। उसके एक हाथ में पिस्टल जबकि दूसरे हाथ में चाकू नजर आ रहा है। बदमाश इमरजेंसी गेट के सामने करीब पांच मिनट तक खड़ा रहा। वीडियो में कुछ लोग उसे समझाइश देते नजर आ रहे हैं, शादाब ने लल्लू पर निशाना साधा और फायरिंग कर भाग गया। यह गोली इमरजेंसी गेट के कांच में लगी थी।

जानकारी के अनुसार लल्लू रईस शहर का आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ 80 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। उसके बेटे इमरान ने हाल ही में हत्याकांड में जेल से छूटे बदमाश शादाब कुरैशी उर्फ गेट के भाई शाजेब को दो साल पहले छुरियां मारी थीं। इस हमले में शाजेब की बाल-बाल जान बच गई थी। इसी का बदला लेने के लिये शनिवार सुबह लल्लू के बेटे और लल्लू पर गोलियां चलाई गईं। घायल इमरान को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। लल्लू रईस ने भी वीडियो वायरल किया था जिसमें उसने कहा था की गोली चलाने वाले आरोपी शहर के अलग-अलग इलाकों में जुआ और सट्टे का अवैध कारोबार चलाते हैं।

# विभाग वर्ष 2026-27 की कार्य योजना और लक्ष्य 15 अप्रैल तक प्रस्तुत करें : मुख्य सचिव श्री जैन

### लोक सेवा गांरटी और सी.एम हेल्पलाइन प्रकरणों का साप्ताहिक करें रिव्यू

### मुख्य सचिव श्री जैन ने की योजनाओं की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा



भोपाल(ए.)। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी विभागाध्यक्षों से कहा है कि वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं को समाहित कर अपने विभाग की वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कार्य योजना और लक्ष्य 15 अप्रैल तक प्रस्तुत करें। उन्होंने सी.एम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों में समय-सीमा से ऊपर के प्रकरणों की समीक्षा करने के साथ सेंपल जांच करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्य सचिव श्री जैन बुधवार को मंत्रालय में समस्त विभागाध्यक्षों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।मुख्य सचिव श्री जैन ने अधिकारियों से कहा कि वे पिछले ढाई साल में अपने-अपने विभाग की बड़ी और विशेष उपलब्धियों और आगामी वर्ष में किये जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी अगले एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। उन्होंने लोक सेवा गारंटी और सी.एम हेल्पलाइन के समय-सीमा से अधिक लंबित प्रकरणों में योजना और प्रक्रिया की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर सप्ताह रिव्यू करें जिससे लंबित प्रकरणों में संतोषजनक निराकरण हो सके। उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश भी दिए।

मुख्य सचिव श्री जैन ने वर्ष 1947 के पूर्व बने कानूनों में संशोधन, निरसन और नया एक्ट लाने की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने 31 मई की अंतिम समय-सीमा निर्धारित करते हुए संबंधित विभागाध्यक्षों से कहा है कि वे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस कार्य को पूर्ण करें जिससे आवश्यक होने पर मंत्रि-परिषद की मंजूरी ली जा सके। बैठक में एक्शन प्लान-2028 की प्रगति रिपोर्ट का स्टेट्स रिव्यू भी किया गया। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में काफी बेहतर काम हुआ है। इन कार्यों को जन-जन तक लाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार भी होना चाहिए। उन्होंने सफल महिलाओं की सक्सेस स्टोरी समाज के सामने लाए जाने के लिए अभियान चलाने के लिए कहा है।

# प्रदेश में जल सरंक्षण को मिल रही नई गति

***अभियान में 6242 करोड़ रुपये की लागत से कराए जा रहे 2 लाख 44 हजार से अधिक कार्य***

*भोपाल(ए.)।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पानी की प्रत्येक बूंद को सहेजने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश में बड़ी संख्या में खेत तालाब, अमृत सरोवर, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सूखे कुँओं को नया जीवन देने का कार्य किया जा रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा समूचे अभियान की निरंतर निगरानी रखी जा रही है।पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अभियान के तहत पूरे प्रदेश में जल संरक्षण के 2 लाख 44 हजार से अधिक कार्य किए जा रहे हैं, जिसकी लागत 6242 करोड़ रुपये हैं। इस वर्ष के जल गंगा संवर्धन अभियान में पूर्व के कार्य की पूर्णता पर विशेष जोर दिया गया है। मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद के आयुक्त श्री अवि प्रसाद ने बताया कि इस साल जल गंगा संवर्धन अभियान- 2025 के लंबित कार्यों तथा महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत चल रहे पानी से संबंधित कार्यों की पूर्णता लक्षित की गई है।*

# मंत्री विश्वास सारंग ने ली खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक

**हर विधानसभा में एक खेल परिसर का निर्माण हमारा लक्ष्य - मंत्री श्री सारंग**



भोपाल(ए.)। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुधवार को टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल स्थित मेजर ध्यानचंद हॉल में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक ली। मंत्री श्री सारंग ने विभागीय योजनाओं, वर्तमान कार्यों की प्रगति तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिए कि प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में एक आधुनिक खेल परिसर के निर्माण के लक्ष्य को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने की दिशा में विशेष ध्यान दें। इसके लिए पृथक एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि खेल अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को निखारने का आधार बनेगा।

# सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर उज्जैन में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यशाला आयोजित

**26 जिलों के अधिकारियों ने सिंहस्थ सुरक्षा सारथी योजना पर बनाई रणनीति**




भोपाल(ए.)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को सुदृढ़ करने की दिशा में उज्जैन में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस मुख्यालय की सामुदायिक पुलिस विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में पश्चिमी मध्यप्रदेश के 26 जिलों से आए सामुदायिक पुलिस नोडल अधिकारियों एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यशाला में सामुदायिक पुलिसिंग की कार्यप्रणाली, सामाजिक सहभागिता के माध्यम से सुरक्षा को अधिक जनोन्मुखी बनाने तथा नवाचारों के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से आगामी सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत नगर रक्षा समितियों के सुदृढ़ीकरण एवं उनके माध्यम से सिंहस्थ सुरक्षा सारथी के रूप में जनभागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति तैयार की गई। इस अवसर पर 'सिंहस्थ रक्षा साथी' एवं 'सिंहस्थ वॉलंटियर्स' की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण के लिए विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की गई, जिसके अंतर्गत इन वॉलंटियर्स को प्रशासन एवं पुलिस के बीच सशक्त सेतु के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि बड़े धार्मिक आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# टीईटी आदेश के खिलाफ प्रदेशभर में उबाल, नौकरी पर संकट का डर, भोपाल में सड़कों पर उतरे शिक्षक



भोपाल (निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में टीईटी अनिवार्यता के नए आदेश के खिलाफ शिक्षकों का गुस्सा अब खुलकर सड़कों पर दिखाई देने लगा है। बुधवार को बड़ी संख्या में शिक्षक संगठनों ने लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) मुख्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।राजधानी ही नहीं, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश में इस आदेश के विरोध में एक साथ आंदोलन हुआ। जिला कलेक्ट्रेट कार्यालयों में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों ने टीईटी आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग उठाई।

डीपीआई आदेश बना विरोध की वजह

हाल ही में डीपीआई द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिन शिक्षकों की सेवानिवृत्ति में पांच वर्ष से अधिक समय शेष है, उन्हें दो वर्ष के भीतर टीईटी परीक्षा पास करना अनिवार्य किया गया है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय सीमा में परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करने पर सेवा समाप्ति तक की कार्रवाई की जा सकती है। यही प्रावधान अब शिक्षकों के आक्रोश की सबसे बड़ी वजह बन गया है। प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों का आरोप है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देकर सरकार ऐसा फैसला थोप रही है, जिससे हजारों पुराने शिक्षकों की नौकरी खतरे में पड़ सकती है। अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के सदस्य उपेंद्र कौशल ने बताया कि आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में शिक्षक भोपाल पहुंचे और डीपीआई के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि उनकी मुख्य मांग टीईटी परीक्षा को पूरी तरह रद्द करना है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने के बाद 2011 से टीईटी अनिवार्य किया गया, जबकि हजारों शिक्षक इससे पहले नियुक्त हो चुके थे।

## अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रगृह योजना में प्रतिमाह मिलेंगे 10 हजार रुपये : मंत्री श्री चौहान

भोपाल (निप्र.)। ल अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में मंत्री-परिषद द्वारा दिल्ली स्थित उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत प्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रगृह योजना में संशोधन करते हुए प्रति विद्यार्थी प्रतिमाह 10 हजार रुपये की राशि प्रदान किए जाने की स्वीकृति दी गई है।मंत्री श्री चौहान ने कहा कि छात्रगृह योजना में प्रतिवर्ष 100 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा, जिसमें 50 स्नातक और 50 स्नातकोत्तर स्तर के नवीन विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा। साथ ही पूर्व से अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी योजना का लाभ मिलेगा। इस निर्णय से अनुसूचित जाति वर्ग के अधिक विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में अध्ययन का अवसर मिलेगा ।

# मप्र में रेल सेवाओं में हुआ अभूतपूर्व विस्तार, बना देश का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क राज्य



भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश में पिछले दो साल में रेल सेवाओं और बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। मध्य प्रदेश डबल इंजन सरकार का एक शानदार उदाहरण बनकर उभरा है। अब प्रदेश भारत का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है और रेल कनेक्टिविटी में सबसे बड़ी हिस्सेदारी वाले शीर्ष दस राज्यों में से एक है।जनसम्पर्क अधिकारी अवनीश सोमकुवर ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों के फलस्वरूप मध्य प्रदेश में रेलवे ट्रैक की लंबाई बढ़कर 5,200 किलोमीटर हो गई है, जो देश के कुल रेल नेटवर्क का 7.6 प्रतिशत है। बेहतर रेल सेवाओं के माध्यम से देश के सभी हिस्सों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है।उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के लिए आवंटित रेलवे बजट में 24 गुना वृद्धि हुई है। इस वर्ष 15,188 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो एक रिकॉर्ड है। पिछले वर्ष यह राशि 14,745 करोड़ रुपये थी। वर्ष 2009 से 2014 तक, वार्षिक बजट केवल 632 करोड़ रुपये था। वर्तमान में 1,18,379 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न रेल परियोजनाएं अलग-अलग चरणों में चल रही हैं।

## आर्थिक विकास में आयेगी तेजी

जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से केंद्र सरकार ने कई प्रमुख रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिससे राज्य को आर्थिक परिवर्तन की गति तेज करने में मदद मिली है। इस प्रगति का श्रेय केंद्र और राज्य सरकारों के बीच गहरी आपसी समझ और समन्वय को जाता है।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जबलपुर-गोंदिया रेलवे लाइन और इंदौर-मनमाड रेलवे लाइन के दोहरीकरण तथा सिंहस्थ कुंभ मेला : 2028 के संदर्भ में अन्य अधोसंरचना विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी है। बड़ी उपलब्धि यह है कि राज्य में रेल लाइनों का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। अमृत भारत स्टेशन योजना में छह स्टेशनों - कटनी दक्षिण, नर्मदापुरम, ओरछा, सिवनी, शाजापुर और श्रीधाम पर पुनर्विकास का काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा, पूरे राज्य में 74 स्टेशनों को अपग्रेड किया जा रहा है। यात्रियों के लिये 3,163 करोड़ रुपये की आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही है। वंदे भारत ट्रेनें यात्रियों के लिए वरदान साबित हुई हैं। इनमें भोपाल-नई दिल्ली, इंदौर-नागपुर, भोपाल-रीवा और खजुराहो-बनारस शामिल हैं। इंदौर और भोपाल में 2 मेट्रो ट्रेनें चल रही हैं, जिनसे शहरी आबादी को राहत मिली है। रायसेन जिले के उमरिया गांव में 1800 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक रेल कोच निर्माण इकाई बनाई जा रही है। इससे 5000 लोगों को रोजगार मिलेगा।

## बड़े राज्यों में सीधा संपर्क

जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार, जबलपुर-गोंदिया रेल लाइन के दोहरीकरण से महाकौशल क्षेत्र में बड़ा बदलाव आएगा। इससे पर्यटन, धार्मिक गतिविधियों और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस प्रोजेक्ट में 5,200 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश किया गया है। कान्हा नेशनल पार्क और धुआंधार जलप्रपात जैसे पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। इससे जबलपुर सहित मण्डला, सिवनी और बालाघाट जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय और पर्यटन क्षेत्र का विस्तार होगा। कोयला, इस्पात, सीमेंट, खाद्यान्न और उर्वरक के परिवहन में तेजी आयेगी। उद्योगों के लिये मजबूत सप्लाई चेन बनेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इंदौर-मनमाड रेलवे लाइन 18,036 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से बनाई जा रही है। इन रेलवे प्रोजेक्ट्स से मध्यप्रदेश को बड़े आर्थिक लाभ की उम्मीद है। इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन धार, खरगोन और बड़वानी जिलों को सीधा लाभ होगा। कृषि और व्यापार बढ़ेगा।

# नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म, दबाव बनाकर आर्य समाज मंदिर में की शादी



भोपाल(ए)। देहात क्षेत्र के मिसरोद इलाके में युवक द्वारा बीते चार साल से नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक पीड़िता की कॉलोनी का ही रहने वाला है। बाद में पीड़िता के बालिग होने पर आरोपी ने दबाव बनाकर उससे आर्य समाज मंदिर में शादी भी कर ली और अब उस पर साथ रहने का दबाव बनाने लगा। इसके बाद मामला पुलिस थाने पहुचां जहॉ आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना इलाके में रहने वाली 19 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया की वह कॉलेज में द्वितीय वर्ष की छात्रा है। उसकी कॉलोनी में रहने वाला दीपक यादव कैटरिंग का काम करता है। एक ही जगह रहने के कारण छात्रा उसे पहचानती थी, और दोनो के बीच बातचीत भी होती थी। आरोप है कि साल 2022 में जब वह नाबालिग थी, तब दीपक उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। और जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद से वह लगातार उसका शोषण कर रहा था। कुछ दिन पहले वह उसे धमकाते हुए आर्य समाज मंदिर में ले गया, जहां उसने शादी भी कर ली। इसके बाद वह उसे अपने साथ रखने का दबाव बना रहा था। उसकी धमकियों और करतूतों से परेशान होकर पीड़िता ने अपने परिवार वालो को सारी बात बताई और उनके साथ थाने पहुंचकर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया। कार्यवाही करते हुए पुलिस ने भी आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

# ग्वालियर-चंबल संभाग में जन-जन का अभियान बना जल गंगा संवर्धन अभियान

## जनभागीदारी से आकार ले रहीं संरचनायें पेश कर रही हैं जल संरक्षण की नई मिसाल



ग्वालियर(ए.)। ऐतिहासिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन एवं नई-पुरानी संरचनायें सहेजेंगी लाखों लीटर पानीप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर संचालित "जल गंगा संवर्धन अभियान" ग्वालियर-चंबल संभाग में जन-आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। इस अभियान के तहत जहां एक ओर वर्षों पुरानी जल संरचनाओं को पुनर्जीवित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नई जल संरचनाओं का निर्माण कर जल संरक्षण की दिशा में ठोस कार्य किए जा रहे हैं। जनभागीदारी, श्रमदान और जागरूकता के माध्यम से यह अभियान जल संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन संवर्धन का भी माध्यम बन रहा है।

### ग्वालियर में ऐतिहासिक बावड़ियां बनीं जल संरक्षण का केंद्र

ग्वालियर शहर में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत तीन ऐतिहासिक बावड़ियों का पुनर्जीवन किया गया है। इन बावड़ियों में प्रतिवर्ष लगभग 50 लाख लीटर पानी सहेजने की क्षमता विकसित की गई है। सुरक्षा के लिए लोहे के जाल लगाए गए हैं तथा आरओ प्लांट की व्यवस्था भी की गई है, जिससे नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। ग्वालियर दुर्ग स्थित प्राचीन सूरज कुण्ड को स्वच्छ एवं आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। साथ ही जलालपुर कुण्ड और केआरजी कॉलेज की बावड़ी की साफ-सफाई भी कराई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अभियान ने गति पकड़ी है। जिले में कुल 2300 जल संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य है, जिनसे लगभग 31.50 लाख घन मीटर जल संरक्षित होगा। अब तक 71 खेत तालाब और 249 कुओं के रिचार्ज कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

### शिवपुरी में 587 ग्राम पंचायतों में जनसहभागिता से कार्य

शिवपुरी जिले की सभी ग्राम पंचायतों में तालाबों की सफाई, गहरीकरण, गाद निकासी और पेयजल व्यवस्था जैसे कार्य जनसहयोग से किए जा रहे हैं। विभिन्न ग्राम पंचायतों में अभियान की शुरुआत के साथ ही ग्रामीण स्तर पर जल संरक्षण के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ी है।

### गुना में खेत तालाब और रिचार्ज कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति

गुना जिले में 1547 खेत तालाबों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से 547 पूर्ण हो चुके हैं। 2206 डगवेल रिचार्ज कार्यों में से 1889 कार्य पूरे किए जा चुके हैं। इसके अलावा 1007 नई जल संरचनाएं बनाई जा रही हैं, जिनमें से 193 पूर्ण हो चुकी हैं। जिले में 57 सार्वजनिक प्याऊ भी शुरू की गई हैं।

### अशोकनगर में श्रमदान से दिया जल संरक्षण का संदेश

अशोकनगर जिले में प्राचीन बावड़ियों, तालाबों और धार्मिक स्थलों पर श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। तुलसी सरोवर सहित कई जल स्रोतों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। गांव-गांव में कलश यात्रा, पूजन और श्रमदान के माध्यम से जनजागरण किया जा रहा है।

# लोक सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

ग्वालियर ( ए. ) । कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने बुधवार की दोपहर कलेक्ट्रेट स्थित लोक लोक सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए हैं कि लोक सेवा केंद्र में शासन की सभी लोक हितकारी योजनाओं को अंकित किया जाए, जिससे यहां पर आने वाले लोग इसका लाभ ले सकें।



कलेक्ट्रेट स्थित लोक सेवा केंद्र का कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लोक सेवा केंद्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिससे यहां पर आने वाले लोगों को परेशानी नहीं हो। उन्होंने लोक सेवा केंद्र प्रभारी से पूछा कि यहां पर आने वाले लोगों को कैसे पता चलता है कि किस खिड़की पर कौन से दस्तावेज जमा होने हैं। लोक सेवा केंद्र प्रभारी ने कहा कि कोई पूछता है तो हम उसे बता देते हैं।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक खिड़की पर नंबर एवं जमा होने वाले दस्तावेजों की जानकारी अंकित करें, जिससे लोगों को भटकना नहीं पड़े। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि लोक सेवा केंद्र में आने वाले लोगों को बैठने के लिए जगह एवं कुर्सियां आदि की व्यवस्था की जाए। गर्मियों का मौसम आ चुका है, ऐसे में लोक सेवा केंद्र में ठंडे पानी की व्यवस्था की जाए, जिससे लोगों को पानी के लिए परेशान ना होना पड़े।

# अचानक बदले मौसम के मिजाज, सुबह और दोपहर बरसा पानी

### - तेज हवाओं के बीच वर्षा की संभावना

जबलपुर,(ए.)। बुधवार को फिर मौसम के मिजाज अचानक बदले और आसमान पर दिनभर बादल छाये रहे। दिन में धूप छांव का खेल चलता रहा, इस बीच पारा तीन दिनों से स्थिर बना हुआ है। लेकिन गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिली। बादलों की बसाहट से उमस ने हलाकान कर दिया। मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर बने हवा के कम दवाब वाले क्षेत्र के कारण बादल नीचे उतर आए हैं और आगामी 24 घण्टों के दौरान संभाग के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ बरस भी सकते हैं। बुधवार की सुबह और दोपहर में एक झलक अच्छी बारिश हुई7 जो 9.2 मिलीमीटर दर्ज की गई7



स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र के प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू काश्मीर से आया पश्चिमी विक्षोप के कारण पूर्वी और पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। लो-प्रेशर की वजह से बादल बन रहे हैं, और तापमान में गिरावट आई है। हाल ही में तीखे हुए गर्मी के तेवर कुछ नरम पड़े हैं। लेकिन आसमान पर बदली के छाने से उमस बढ़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान 31.01 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 5 डिग्री कम दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 20.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 79 प्रतिशत और सायंकाल 51 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 05.54 पर और सूर्यास्त शाम 06.29 पर हुआ। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 41.04 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 20.02 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पश्चिमी हवाएं 6 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 37.05 डिग्री तापमान मंडला और सबसे कम 16.08 डिग्री पचमढ़ी में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान गरज-चमक के साथ पानी बौछारें पड़ने की संभावना है।

# ठेकेदार से रिश्वत लेते नपा का लिपिक गिरफ्तार

### - जबलपुर लोकायुक्त ने की नरसिंहपुर में कार्रवाई

जबलपुर(ए.)। जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर में पदस्थ लिपिक संजय कुमार तिवारी को 25 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।मामले में शिकायतकर्ता भीष्म नारायण सिंह राजपूत, निवासी शांति नगर दमोह नाका जबलपुर, ने लोकायुक्त कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भुगतान प्राप्त होने के बाद उनकी एफडीआर और बैंक गारंटी वापस करने के एवज में लिपिक संजय कुमार तिवारी 52 हजार की रिश्वत मांग रहा था। बातचीत के बाद राशि 38 हजार में तय हुई।शिकायत की पुष्टि के बाद लोकायुक्त टीम ने जाल बिछाया। नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर के कंप्यूटर कक्ष में जैसे ही आरोपी ने 25 हजार की पहली किस्त रिश्वत के रूप में ली, टीम ने उसे मौके पर ही धर दबोचा। कार्रवाई के दौरान पूरी प्रक्रिया को साक्ष्यों के साथ दस्तावेजीकृत किया गया।



# तिल्लौर खुर्द की भव्य कलश यात्रा, उमड़ा आस्था का सैलाब

### 4 किमी लंबी यात्रा में सजीव झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र; कल भू-समाधि साधना में लीन होंगे महामंडलेश्वर राजगुरु महाराज



इंदौर (ए.)। ग्राम तिल्लौर खुर्द से पिपलिया लोहार स्थित खेड़ापति आश्रम तक बुधवार को निकली भव्य कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। लगभग 4 किलोमीटर लंबी इस दिव्य यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की भागीदारी रही, जिससे मार्ग के दोनों ओर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा का शुभारंभ तिल्लौर खुर्द से आकर्षक झांकियों से सुसज्जित भव्य वाहन रैली के रूप में हुआ, जो पिपलिया लोहार पहुंची। इसके पश्चात यहां से आयोजन स्थल तक पारंपरिक कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर अनुशासित पंक्तियों में भक्ति भाव के साथ शामिल हुईं।यात्रा में बग्घी, घोड़े और विशेष रूप से मुंबई की प्रसिद्ध इवेंट कंपनी द्वारा प्रस्तुत सजीव (लाइव) झांकियों ने आकर्षण का केंद्र बटोरा। इन धार्मिक एवं सांस्कृतिक झांकियों को देखने के लिए मार्ग में जगह-जगह लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। पूरे मार्ग में ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। तपोनिष्ठ संत श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर राजगुरु महाराज स्वयं पैदल चलते हुए हर घर के सामने पहुंचे, जिससे प्रत्येक श्रद्धालु को उनके दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला।

# ताप्ती जल आवर्धन योजना-फिर मटमैले पानी ने बिगाड़ी लोगों की सेहत

बुरहानपुर (ए.)। शुद्ध जल के नाम पर शहर में परोसा जाने वाला मठ मैले जल ने फिर लोगों की सेहत बिगाड़ी है पिछले दो दिनों में जिला अस्पताल में 100 से अधिक लोग जल जनित बीमारी के चलते भर्ती होकर उपचार करा रहे हैं इन दिनो एक बार फिर ताप्ती जलावर्धन योजना का जल मठ मैला वार्डों में सप्लाई किया जा रहा है जिससे लोगों की सहत बिगड़ने की शिकायतें सामने आने लगी है शनवारा सिंधीपुरा और सीधे तौर पर ब्लू नालों से आने वाला जल मठ मैला आ रहा है इसके उपयोग से उल्टी दस्त की शिकायतें सामने आने लगी है जिसके चलते प्रभावित जिला एवं निजी अस्पतालों में पहुंचकर उपचार करने को मजबूर है नगर निगम द्वारा फिल्टर जल का दावा खोखला दिखाई दे रहा है शुद्ध जल के स्थान पर मठमैला पानी सप्लाई होने से यह लोगों के घरों और मटकों तक पहुंच रहा है मौसम के बदलते मिजाज ने पारा 38 डिग्री तक पहुंचा दिया है ऐसे में दूषित जल का उपयोग और हानिकारक है नगर निगम प्रशासन द्वारा यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में फिर एक बार शहर डायरीए की चपेट में होगा।

## व्यापार समाचार

# यूएस-ईरान सीजफायर का असर, शेयर मार्केट में जोरदार तेजी, सेंसेक्स 2700 और निफ्टी 800 अंक उछला

मुंबई ,(आरएनएस)। अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के संभावित युद्धविराम (सीजफायर) की खबर का असर भारतीय शेयर बाजार पर साफ तौर पर देखने को मिला। बुधवार को कारोबार शुरू होते ही बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 2700 अंकों से अधिक उछल गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी करीब 800 अंकों की मजबूत बढ़त के साथ खुला।वैश्विक बाजारों में तेजी के संकेत पहले से ही मिल रहे थे, और भू-राजनीतिक तनाव कम होने की खबर ने निवेशकों का भरोसा और मजबूत किया। कारोबार की शुरुआत में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स अपने पिछले बंद 74,616.58 के मुकाबले तेजी के साथ करीब 77,290 के स्तर पर खुला। शुरुआती मिनटों में ही इसमें और तेजी आई और यह 77,392 के स्तर तक पहुंच गया।वहीं, 50 शेयरों वाला निफ्टी इंडेक्स अपने पिछले बंद 23,123.65 के मुकाबले बढ़त के साथ 23,855 पर खुला। इसके बाद तेजी जारी रही और यह कुछ ही समय में करीब 800 अंकों की छलांग लगाकर 23,938 के स्तर तक पहुंच गया।विशेषज्ञों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव कम होने और ग्लोबल मार्केट में सकारात्मक रुख के चलते निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है, जिसका सीधा असर भारतीय शेयर बाजार पर देखने को मिला।

# यूपी-बिहार जाने वालों की हो गई बल्ले-बल्ले, रेलवे ने खोल दिया खजाना; अब कंफर्म टिकट के साथ आराम से जाएं घर

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। गर्मी की छुट्टियों में दिल्ली, मुंबई और पुणे जैसे महानगरों से उत्तर प्रदेश और बिहार की तरफ लौटने वाले यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं मिलती और कंफर्म टिकट पाना किसी जंग जीतने से कम नहीं होता। यात्रियों की इसी बड़ी परेशानी को दूर करने और उनके सफर को आरामदायक बनाने के लिए भारतीय रेलवे ने एक शानदार कदम उठाया है। रेलवे ने लोगों की सुविधा के लिए कई नई समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है, जिससे अब प्रवासी बिना किसी टेंशन के अपने गांव-घर पहुंच सकेंगे।

दानापुर और समस्तीपुर रूट पर मिली बंपर राहत

पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सरस्वती चंद्र ने इस बड़ी राहत की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान स्टेशनों पर होने वाली अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यह अहम फैसला लिया है। रेलवे द्वारा खास तौर पर पुणे और मुंबई से बिहार के दानापुर और समस्तीपुर के लिए इन समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू किया जा रहा है। इन ट्रेनों के चलने से यूपी और बिहार के लाखों प्रवासियों, छात्रों और दिहाड़ी मजदूरों को गर्मी की छुट्टियों में घर जाने में बहुत बड़ी सहूलियत मिलेगी।

पुणे-दानापुर के बीच रोज दौड़ेगी स्पेशल ट्रेन

रेलवे ने यात्रियों के लिए गाड़ी संख्या 01449 और 01450 पुणे-दानापुर-हडपसर (पुणे) स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। डीडीयू, प्रयागराज छिवकी, जबलपुर और भुसावल के रास्ते चलने वाली यह ट्रेन 15 जुलाई 2026 तक हर रोज अपनी सेवाएं देगी। गाड़ी संख्या 01449 पुणे से दोपहर 15.30 बजे रवाना होकर बक्सर और आरा रुकते हुए तीसरे दिन दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 01450 दानापुर-हडपसर स्पेशल 17 जुलाई 2026 तक दानापुर से सुबह 05.00 बजे खुलकर अगले दिन शाम को हडपसर (पुणे) पहुंचेगी।

लोकमान्य तिलक से दानापुर का सफर भी हुआ आसान

बिहार जाने वाले यात्रियों की भारी मांग को देखते हुए रेलवे ने गाड़ी संख्या 01143 और 01144 लोकमान्य तिलक-दानापुर-लोकमान्य तिलक स्पेशल ट्रेन भी शुरू की है। यह ट्रेन 15 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन चलाई जाएगी।

# रुपया बढ़त पर बंद



मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 65 पैसे की बढ़त के साथ ही 92.32 पर बंद हुआ। मध्यपूर्व में जारी तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतें घटने से भी रुपये में तेजी आई है। गत दिवस वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.05 प्रति डॉलर पर खुला। फिर नीचे आकर 93.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 17 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को 28 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.90 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 फीसदी की बढ़त के साथ 100.11 पर रहा।

# शेयर बाजार में तूफानी तेजी, निवेशक हुए मालामाल, मार्केट कैप करीब 17 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

मुंबई(ए.)। भारतीय शेयर बाजार में बुधवार के कारोबारी सत्र में दमदार तेजी देखने को मिली। दिन के अंत में सेंसेक्स 2,946.32 अंक या 3.95 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,563.90 और निफ्टी 873.70 अंक या 3.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,997.35 पर था।बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। इसका नेतृत्व रियल्टी और ऑटो स्टॉक्स ने किया। निफ्टी रियल्टी (6.75 प्रतिशत) और निफ्टी ऑटो (6.69 प्रतिशत) की मजबूती के साथ टॉप गेनर्स थे। निफ्टी प्राइवेट बैंक (5.56 प्रतिशत), निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस (5.54 प्रतिशत), निफ्टी पीएसयू बैंक (5.46 प्रतिशत), निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरबेल्स (5.23 प्रतिशत) और निफ्टी इन्फ्रा (4.13 प्रतिशत) की मजबूती के साथ बंद हुआ।कोई भी सूचकांक लाल निशान में बंद नहीं हुआ। लार्जकैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में मजबूत बढ़त देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 2,198.95 अंक या 4.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 56,799.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 694.75 अंक या 4.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,538.05 पर था।सेंसेक्स पैक में इंडिगो, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस, एमएंडएम, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, इटरनल, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और एसबीआई गेनर्स थे। केवल टेक महिंद्रा, सन फार्मा और पावर ग्रिड ही लाल निशान में बंद हुए।बाजार में तेजी के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केटकैप लगभग 17 लाख करोड़ रुपए बढ़कर करीब 446 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि पहले 429 लाख करोड़ रुपए था। वेंचुरा के रिसर्च हेड विनीत बोलिंजकर ने कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध विराम से जोखिम में सुधार हुआ है और इससे कच्चे तेल की कीमतों में भी गिरावट



आई है।उन्होंने आगे कहा कि निवेशकों को अपने पोर्टफलियो में ऐसे लार्जकैप को शामिल करना चाहिए, जिनकी आय मजबूत हो। युद्ध विराम के ऐलान के बाद कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आई है और ब्रेंट क्रूड का दाम करीब 14 प्रतिशत कम होकर 94 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।

# शॉपिंग करते-करते फुल चार्ज हो जाएगी आपकी मोबाइल, यहां खुला पहला सुपरचार्जिंग स्टेशन; सिर्फ 15 मिनट में मिलेगी इतनी रेंज



नवी मुंबई,(आरएनएस)। दिग्गज अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला (ञ्जद्गह्यद्यड्ड) भारतीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटी है। पिछले साल जुलाई में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार 'मॉडल वाई' को भारत में लॉन्च करने के बाद अब कंपनी अपने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विस्तार कर रही है। इसी कड़ी में टेस्ला ने नवी मुंबई में अपना नया सुपरचार्जिंग स्टेशन शुरू किया है। इस नए स्टेशन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे एक मॉल के अंदर बनाया गया है, जिससे अब कार मालिक शॉपिंग और मनोरंजन के साथ-साथ अपनी गाड़ी को आसानी से चार्ज कर सकेंगे।

### मॉल की पार्किंग में मिलेगी फास्ट चार्जिंग की सुविधा

कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, यह नया सुपरचार्जिंग स्टेशन नवी मुंबई के नेक्सस सीवुड्स मॉल में स्थापित किया गया है। भारत में टेस्ला का यह पहला 'इन-मॉल' चार्जिंग स्टेशन है, जिसे मॉल के बी-1 पार्किंग एरिया में बनाया गया है। इस नई सुविधा के तहत कुल 8 चार्जर लगाए गए हैं, जो आसपास के टेस्ला कार मालिकों के लिए एक बड़ी राहत साबित होंगे। इससे पहले कंपनी गुरुग्राम, दिल्ली और मुंबई के अन्य हिस्सों में अपने चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर चुकी है। टेस्ला अब पूरे देश में अपने सुपरचार्जर नेटवर्क को उन जगहों पर तेजी से बढ़ा रही है जहां लोग अपना खाली समय बिताते हैं, जैसे- हाईवे के रेस्ट स्टॉप, फूड कोर्ट और शॉपिंग मॉल।

### महज 15 मिनट में 275 किलोमीटर तक दौड़ने के लिए तैयार

इस नए चार्जिंग स्टेशन को ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यहां 4 वी-4 सुपरचार्जर (डीसी चार्जिंग) लगाए गए हैं, जो 250 द्मड्ड तक की तूफानी स्पीड से कार को चार्ज करते हैं। इसके अलावा, 11 द्मड्ड पावर वाले चार डेस्टिनेशन चार्जर भी मौजूद हैं। कंपनी का दावा है कि इस पावरफुल सुपरचार्जर की मदद से 'मॉडल वाई' इलेक्ट्रिक कार को महज 15 मिनट चार्ज करने पर ही लगभग 275 किलोमीटर तक की बेहतरीन रेंज हासिल की जा सकती है।

मोबाइल ऐप से कंट्रोल और पॉप-अप स्टोर का शानदार अनुभव

टेस्ला अपने यूजर्स को एक बेहद एडवांस इकोसिस्टम दे रही है। टेस्ला के मोबाइल ऐप के जरिए कार मालिक न सिर्फ अपना नजदीकी चार्जिंग स्टेशन ढूंढ सकते हैं, बल्कि बैटरी को प्री-कंडीशन करने के साथ-साथ चार्जिंग स्टेटस की निगरानी और पेमेंट भी एक ही जगह से कर सकते हैं। इसके साथ ही, भारत में अब टेस्ला के नेटवर्क में 20 सुपरचार्जर और 14 डेस्टिनेशन चार्जर शामिल हो गए हैं।

# ईरान-अमेरिका सीजफायर के बाद सोना और चांदी में तेजी

### - सोने का भाव 1,53,550 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी भी लगभग 2,44,770 रुपए

नई दिल्ली (ए.)। यूनाइटेड स्टेट और इरान के बीच सीजफायर के बाद सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोना और चांदी के दामों में तेज उछाल देखने को मिला है। घरेलू वायदा बाजार से लेकर अंतरराष्ट्रीय बाजार तक कीमतों में मजबूती दर्ज की गई। बुधवार को सोना और चांदी के वायदा भाव तेज़ी के साथ खुले और दिनभर मजबूती के साथ कारोबार करते नजर आए। घरेलू बाजार में मल्टी कमो?डिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट 3,261 रुपये की तेजी के साथ 1,53,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह 3,210 रुपये की बढ़त के साथ करीब 1,53,499 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान इसने 1,53,944 रुपये का उच्च और 1,53,389 रुपये का निचला स्तर छुआ। इस साल सोना 1,80,779 रुपये के उच्चतम स्तर तक पहुंच चुका है। चांदी के वायदा भाव में भी जबरदस्त तेजी देखी गई। एमसीएक्स पर मई कॉन्ट्रैक्ट 9,253 रुपये की तेजी के साथ 2,40,601 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुला। बाद में यह 11,554 रुपये की उछाल के साथ करीब 2,42,902 रुपये पर कारोबार करता दिखा।



# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## कॉलेजियम को लेकर बढ़ रहे असंतोष

कॉलेजियम सिस्टम के पक्ष में यही दलील दी जाती है कि जजों की नियुक्ति एवं तबादले सरकार के हाथ में चले गए, तो न्यायपालिका में राजनीतिक हस्तक्षेप होने लगेगा। मगर क्या कॉलेजियम ऐसे दखल से जजों को बचा पा रहा है?

सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम सिस्टम पर सवाल तो पुराने हैं, लेकिन अब इन्हें सर्वोच्च न्यायपालिका के अंदर से उठाया जा रहा है, तो स्पष्टतः इसे अधिक गंभीरता से लिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के दो जजों- दीपांकर दत्त और मनमोहन ने इस व्यवस्था के संचालन को लेकर गंभीर टिप्पणियां की हैं। दोनों की शिकायतें अलग-अलग हैं, लेकिन उससे कॉलेजियम को लेकर बढ़ रहे असंतोष की झलक मिलती है। जस्टिस दत्त ने कहा कि जिन जजों ने साहस एवं नैतिक दृढ़ता का परिचय दिया, कॉलेजियम उन्हें संरक्षण देने में नाकाम रहा। उन्होंने चेताया कि ऐसी घटनाओं से सिद्धांतों को तरहीज देने वाले जज हतोत्साहित हो सकते हैं।

न्यायमूर्ति मनमोहन ने कॉलेजियम के प्रति हाई कोर्ट के जजों में बढ़े अविश्वास की चर्चा की। कहा कि न्यायिक नियुक्तियों के मामले में हाई कोर्ट से आई सिफारिशों को अहमियत ना दिए जाने की शिकायत गहरा गई है, इसलिए कॉलेजियम को इस पर आत्म-निरीक्षण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम और केंद्र सरकार हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों के प्रति संदेह का रुख रखते हैं। तो मुद्दा यह है कि कॉलेजियम अगर कर्त्तव्यनिष्ठ जजों को संरक्षण नहीं दे सकता, तो फिर उसके होने का औचित्य क्या है? ये प्रणाली खुद सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले से स्थापित की और इसमें बदलाव की कोशिशों को वह नाकाम करता रहा है।

इसके पक्ष में यही दलील दी जाती है कि जजों की नियुक्तियां/ तबादले सरकार के हाथ में चले गए, न्यायपालिका में राजनीतिक हस्तक्षेप की गुंजाइश बन जाएगी। मगर अब सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी संकेत दे रहे हैं कि प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाला कॉलेजियम सियासी दखल से जजों को संरक्षण नहीं दे पा रहा है। कॉलेजियम के पीछे मुख्य धारणा यही है कि इसका मकसद ये सुनिश्चित करना है कि न्यायपालिका पूर्ण स्वतंत्रता से काम कर सके। मगर, ऐसा तभी संभव है, जब संस्था की अंदरूनी कार्य-प्रणाली आम-सहमति और व्यापक भागीदारी से प्रेरित हो। उच्चतम न्यायालय के पांच जज बाकी सबकी सिफारिशों की अनदेखी करने लगें, तो फिर इस व्यवस्था के लोकतांत्रिक स्वरूप पर प्रश्न खड़े होंगे। दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज ऐसा ही हो रहा है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए पश्चिमी बंगाल अग्नि परीक्षा ?

**अजय दीक्षित**

**23 और 29 अप्रैल को होने वाले पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष महत्व रखते हैं इन चुनावों की उतनी ही अहमियत है जितनी उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव की होती है बल्कि उससे इस मायने में अधिक है कि भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी बंगाल में अटलविहारी वाजपई के समय से जनाधार जुटाने में लगी है। अटलजी के मंत्री परिषद में तपन सिकदर पहली बार राज्य मंत्री 1999 में बने थे।तब से भारतीय जनता पार्टी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा है।2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 04 सीट मिली थी लेकिन 2016 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को 03 सीट मिली पर वोट शेयर 10 फीसदी था ।तब पश्चिमी बंगाल में सीपीएम, कांग्रेस दूसरे और तीसरे स्थान पर थी ।**



तृणमूल कांग्रेस सत्ता में बैठी और ममता बनर्जी दूसरी बार मुख्यमंत्री बनी। उस के बाद पश्चिमी बंगाल के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को गंभीरता से लिया और 2019 लोकसभा चुनाव में

भाजपा को 39 फीसदी वोट और 42 में से 18 सीट मिली थी सीपीएम,कांग्रेस का एक एक सांसद चुना गया था यही से भारतीय जनता पार्टी की पश्चिमी बंगाल यात्रा शुरू हुई। सीपीएम का वोट शेयर मात्र 8 फीसदी पर आ गया और कांग्रेस का 03 फीसदी। 2024 के लोकसभा और 2021 विधानसभा चुनाव में 77 विधायक जीतकर आए। वोट शेयर 39 फीसदी मिला । उल्लेखनीय यह रहा कि नंदीग्राम से भारतीय जनता पार्टी के नेता सुबेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को हरा दिया। इन चुनावों में ममता बनर्जी ने बंगाल अस्मिता का मुद्दा उठाया और वह कामयाब रहा था लेकिन इस बार भाजपा ने रणनीत बदलकर ममता बनर्जी की सरकार को केंद्रित किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विधानसभा चुनाव की अपने हाथ में ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता, मुर्शिदाबाद की रैली में राज्य के विकास, महिलाओं की स्थिति, सरकार का भ्रष्टाचार, तृणमूल कांग्रेस की मनमानी,को मुख्य रूप से उठाया है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनाव बहुत मायने रखता है। पश्चिमी बंगाल से 2029 लोकसभा चुनाव का रास्ता निकलेगा। भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चाहता कि 2029 में भाजपा अकेले दम पर 350 सीट जीते उसके लिए पश्चिमी बंगाल में 42 लोकसभा सीट पर भी उनकी नजर है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय मजदूर संघ, और विद्या भारती,बनवासी कल्याण परिषद,सेवा भारती, संस्कृत भारती,आदि बुनियादी संगठनों का फैलाव भी इस विधानसभा चुनाव से जुड़ा है। पश्चिमी बंगाल में अवैध मुस्लिम, बांग्लादेशी घुसपैठ,सीमांत प्रदेश होने के कारण सामरिक विषय भी मुख्य मुद्दा है। चुनाव विश्लेषकों का मानना है कि अगर भारतीय जनता पार्टी 43 से 45 तक वोट शेयर करती है तो उसे पूर्ण बहुमत मिल सकता है। भारतीय जनता पार्टी का एक तबका चाहता है कि तुड़मूल के हिंदू समर्थक अगर जरा भी चेते तो बंगाल में सत्ता परिवर्तन करने से कोई रोक नहीं सकता। दूसरी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एस आई आर को मुख्य मुद्दा बनाया है। लेकिन इस मुद्दे हवा निकल रही है क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने उनके अनुरोध को स्वीकार न्यायाधीश को काम पर लगाया है। मालदा में कुछ मुस्लिम ने उन पर ही हमला कर दिया है। अबकी बार चुनाव आयोग भी विशेष तैयारी से चुनाव कराने जा रहा है।उसने प्रत्येक मतदान केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा लगाया और उसकी देखभाल अनुविभागीय अधिकारी करेगा ।दो चरणों होने वाले चुनाव में बेहिसाब अर्धसैनिक बलों की तैनादगी की गई है। कोलकाता से प्रकाशित टाइम्स ऑफ इंडिया में

शीतल पाल सिंह कहते हैं कि इस बार के चुनावों में ममता बनर्जी उतनी कॉन्फिडेंट नहीं है।वे कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी बहुमत आई तो राज्य का बुनियादी ढांचे बदलेगा । तपन दास गुप्ता जो बंगाल के प्रमुख प्रकाशित बंगाल टाइम्स में कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के लिए यह अच्छा है कि सीपीएम, कांग्रेस का कोई विशेष असर नहीं है लेकिन यह भी है कि मुस्लिम मतों का विभाजन नहीं हो रहा है जिससे ममता बनर्जी को लाभ होगा लेकिन इन पार्टियां के हिंदू समर्थक भारतीय जनता पार्टी को वोट देंगे। सुप्रसिद्ध चुनाव विशेषज्ञ यशवंत देशमुख का कहना है ममता बनर्जी की तुड़मूल सरकार से महंगाई, असुरक्षा, महिलाओं के उत्पीड़न से खुश नहीं है लेकिन ममता बनर्जी अभी भी सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं।असुदुद्दीन ओवेशी की पार्टी भी मुस्लिम वोट लेकर चौंका सकती है। कुछ भी हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अग्नि परीक्षा है।

## ऊर्जा संकट से कैसे बाहर निकलें मजदूर ?

**सौरभ वार्ष्णेय**

आज जब देश ऊर्जा संकट की चुनौती से जूझ रहा है, उसका सबसे गहरा असर समाज के उस वर्ग पर पड़ रहा है जो पहले से ही आर्थिक रूप से कमजोर है—मजदूर वर्ग। महंगी बिजली, बढ़ते ईंधन दाम और अनिश्चित रोजगार ने मजदूरों की रोजमर्रा की जिंदगी को और कठिन बना दिया है। ऐसे में यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है कि मजदूर इस संकट से कैसे बाहर निकलें और सरकार व समाज उनकी कैसे मदद कर सकते हैं। ऊर्जा संकट केवल बिजली की कमी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कोयला आपूर्ति, अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों, और नीतिगत कमजोरियों से भी जुड़ा है। जब उद्योगों की लागत बढ़ती है, तो सबसे पहले असर मजदूरों की मजदूरी और रोजगार पर पड़ता है। कई छोटे उद्योग बंद होने की कगार पर हैं, जिससे मजदूरों का पलायन तेज हो रहा है।ऊर्जा संकट के बीच मजदूरों का शहरों से गांवों की ओर पलायन ने गहरी चिंता पैदा कर दी है। देश में बढ़ते ऊर्जा संकट ने केवल उद्योगों और अर्थव्यवस्था को ही प्रभावित नहीं किया है, बल्कि इसका सबसे बड़ा असर आम मजदूर वर्ग पर पड़ रहा है। बिजली की कमी, महंगी ऊर्जा और घटते औद्योगिक उत्पादन के कारण शहरों में रोजगार के अवसर लगातार सिकुड़ रहे हैं। ऐसे हालात में मजदूरों का शहरों से गांवों की ओर पलायन फिर से तेज होता दिख रहा है। ऊर्जा संकट का सीधा असर फैक्ट्रियों और छोटे उद्योगों पर पड़ा है। कई उद्योग या तो बंद हो गए हैं या सीमित क्षमता पर काम कर रहे हैं। इससे दिहाड़ी मजदूरों और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की आय पर गहरा असर पड़ा है।

## नेहरू-गांधी परिवार की करीबी मोहिसिना किदवई का चले जाना!

**– डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

अल्पसंख्यक वर्ग से मोहिसिना किदवई भारतीय राजनीति में ऐसी शख्सियत रही है,जिन्होंने अपने बलबूते अपनी पहचान बनाई। मोहिसिना किदवई जीवनपर्यंत कांग्रेस व नेहरू-गांधी परिवार के प्रति वफादार रही है।तभी तो वे केंद्रीय मंत्री पद के उच्च शिखर तक पहुंची और संगठन में भी उनका खासा दखल रहा है।

मोहिसिना ने 93 वर्ष की उम्र में दिल्ली के एक प्राइवेट अस्पताल में दुनिया को अलविदा कहा। मोहसिना किदवई के निधन से उत्तर प्रदेश में उनके गृहनगर बाराबंकी जिले में शोक की लहर व्याप्त है। उनके निधन पर कांग्रेस के साथ ही अन्य दलों के नेताओं ने भी शोक व्यक्त किया है।

मोहसिना किदवई की पहचान एक सुलझी हुई और प्रभावशाली राजनेता की रही है, उत्तर प्रदेश और केंद्र की राजनीति में लंबे समय तक उनका दबदबा रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत उत्तर प्रदेश सरकार में खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा, बीजेपी के प्रदेश महामंत्री और पूर्व सांसद प्रियंका रावत, अमीर हैदर, पूर्व सांसद पी एल पुनिया, सांसद तनुज पुनिया और पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने मोहसिना किदवई के निधन पर शोक व्यक्त किया है।मोहसिना किदवई का राजनीतिक जीवन बहुत लंबा व प्रभावशाली रहा है। कांग्रेस की कद्दावर नेताओं में गिनी जाने वाली मोहसिना किदवई ने इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के नेतृत्व की केंद्र सरकारों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शहरी विकास, पर्यटन, परिवहन और ग्रामीण विकास जैसे अहम मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाली थी।

# भारत की विकास गाथा के केंद्र में महिलाएँ

**श्रीमती विजया रहाटकर**

भारत की विकास गाथा को अक्सर संख्याओं, विकास दरों, अवसंरचना विस्तार और आर्थिक उपलब्धियों के रूप में व्यक्त किया जाता है। लेकिन, पिछले दशक का सबसे बड़ा बदलाव आँकड़ों से परे है। यह एक गहरे सामाजिक बदलाव में परिलक्षित होता है—महिलाओं का केवल भागीदार के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य को आकार देने वाले अग्रिम व्यक्तियों के रूप में उभरना।

महिलाओं के नेतृत्व में विकास की ओर यह बदलाव न तो आकस्मिक है और न ही अलग-थलग है। यह एक सोच-समझकर किये गये सतत प्रयास का परिणाम है, जो जीवन के हर चरण में महिलाओं को समर्थन देने के लिए एक सक्षम इकोसिस्टम का निर्माण करता है। लड़की के जन्म से लेकर उद्यमी, पेशेवर, या सार्वजनिक प्रतिनिधि के रूप में उसकी यात्रा तक, यह दृष्टिकोण समग्र, सतत और परिवर्तनकारी रहा है।

राजनीतिक भागीदारी में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखा गया है। निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की संख्या 12,14,885 है, जिनकी कुल 24,41,781 निर्वाचित प्रतिनिधियों में हिस्सेदारी 49.75 प्रतिशत है—इस प्रकार, महिलाएँ जमीनी स्तर पर शासन में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। इस क्रम में, नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी उपलब्धि है, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। यह उच्च विधायी क्षेत्रों में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने में राष्ट्र की अडिग प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। इस ऐतिहासिक सुधार की वास्तविक क्षमता केवल इसके प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से ही हासिल की जा सकती है। अधिनियम की प्रावधानों को जल्द से जल्द लागू करने की आवश्यकता है, ताकि महिलाओं की आवाज़ को सिर्फ मान्यता ही न मिले, बल्कि देश की लोकतांत्रिक संरचना में इसे संस्थागत रूप से समाहित किया जा सके। इसके जल्द लागू होने से न केवल समावेशी शासन को गति मिलेगी, बल्कि यह बेहतर प्रतिनिधित्व और न्यायसंगत राजनीतिक परिदृश्य के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक के रूप में भी कार्य करेगा।

दशकों तक, लैंगिक पक्षपात ने भारत के जनसांख्यिकीय और सामाजिक संकेतकों को प्रभावित किया। आज, वह कहानी धीरे-धीरे फिर से लिखी जा रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी पहलों ने गहरी जड़ें जमा चुकी मानसिकताओं को चुनौती देने और लड़की के मूल्य को सुदृढ़ करने का प्रयास किया है। इसका प्रभाव राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) में दिखाई देता है, जिसमें 1,000 पुरुषों पर 1,020 महिलाओं का लैंगिक अनुपात दर्ज किया गया है, जो सिर्फ संख्यात्मक सुधार ही नहीं बल्कि सामाजिक बदलाव का भी संकेत देता है। मिशन इंद्रधनुष जैसे कार्यक्रम जीवन के प्रारंभिक चरण में पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करते हैं। मिशन सक्षम आंगनवाड़ी, पोषण 2.0, तथा पोषण अभियान के प्रयास कुपोषण का समाधान करते हैं—यह मानते हुए कि स्वस्थ बचपन, सशक्त वयस्कता की ओर पहला कदम होता है।

माताओं के लिए, संस्थागत समर्थन में काफी विस्तार हुआ है। पीएमएमवीवाई के तहत, 4.28 करोड़ से अधिक महिलाओं को 20,149 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि वितरित की गयी है, जो गर्भावस्था के दौरान वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

महिलाएं केवल भाग ही नहीं ले रही हैं—वे नेतृत्व भी कर रही हैं। भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में संस्थापक और निर्णयकर्ताओं के रूप में महिलाओं की भूमिका में लगातार वृद्धि हो रही है और वे नवाचार और उद्यम में भी योगदान दे रही हैं। इस परिवर्तन में वित्तीय समावेश ने अहम भूमिका निभाई है। पीएमएमवाई के तहत, 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 57.79 करोड़ ऋण प्रदान किए गए हैं, जिनमें लगभग 66 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। प्रत्येक ऋण केवल वित्तीय सहायता का ही नहीं, बल्कि महिलाओं की आकांक्षाओं में विश्वास का भी प्रतीक है। इसके पूरक रूप में, जन धन योजना के तहत वित्तीय समावेश और गहरा हुआ है, जिसके अंतर्गत 57.93 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं, जिनमें से 32.29 करोड़ (55.7 प्रतिशत) महिलाओं के हैं।

जमीनी स्तर पर, परिवर्तन का पैमाना और भी अधिक प्रभावशाली है।




मेष राशि : आज का दिन आपके लिए यादगार रहेगा। खेल कूद से जुड़े लोगों को आज किसी बहुत बड़े टूर्नामेंट में भाग लेने का सुअवसर मिलेगा। आपको वरिष्ठ अधिकारियों से सहयोग मिल सकता है। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा हो सकती है। नई तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में वृद्धि हो सकती है साथ ही उत्पादन क्षमता भी बढ़ेगी।

वृष राशि : आज आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। नौकरीपेशा लोगों को अपने काम में सफलता हासिल होगी। व्यापारियों को आय के नए स्रोत मिलेंगे। ऑफ़िस में आपको सबका सहयोग मिलेगा। आज आप सोशल वर्क कर सकतें हैं। आपको किसी नए कॉन्टैक्ट से बहुत फायदा होगा।

मिथुन राशि : आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। आज आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज काम करने से पहले घर के बड़ों की सलाह लेना बेहतर होगा। पढ़ाई के प्रति आपकी एकाग्रता में कुछ कमी आ सकती है। अपने रुचि के अनुसार सब्जेक्ट का चुनाव करने और अपनी अध्ययन की योजना में बदलाव करने की सोचेंगे।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा आपका झुकाव किसी नए काम की ओर हो सकता है। करियर के मामले में कुछ बेहतर अवसर मिलने के आसार हैं। बिजनेस में किसी नए ग्रुप से जुड़ने के बारे में विचार कर सकते हैं। हालांकि डील करते समय आपको बहुत सोच-समझकर ही आगे बढ़ना चाहिए। घर वालों के साथ किसी बात को लेकर थोड़ा बहुत मनमुटाव हो सकता है।

सिंह राशि : आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सभी कलीग्स के साथ तालमेल बेहतर रहेगा। वालों छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन खासतौर पर फायदेमंद रहेगा। आपका रिसर्च वर्क पूरा हो सकता है।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी महत्वपूर्ण काम में आपको अनुभवी व्यक्ति से मदद मिलने की संभावना है। परिवार वालों के साथ शॉपिंग करने का प्लान बनायेंगे। आज पैसों का लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। आपको कुछ नये बिजनेस प्रपोजल मिल सकते हैं । संगीत से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन मिला-जुला रहेगा।

तुला राशि: आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको कुछ कामों में सफलता मिल सकती है, लेकिन आज आपको अजनबी लोगों पर भरोसा करने से बचना चाहिए। आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की सख्त जरूरत है। ईष्ट मित्रों से मिलने आप उनके घर जा सकते हैं आपकी दोस्ती और भी अधिक मजबूत होगी।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य में आपको भाई-बहन का सपोर्ट मिल सकता है। आज अपने परिवार के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। करियर में आपकी तरक्की के नए रास्ते खुल सकते हैं। कुछ खास जगहों पर आपकी प्रशंसा होगी। आज आप छोटा उद्योग शुरु करने के बारे में विचार कर सकते हैं।

धनु राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। काम के सिलसिले में की गई यात्रा आपके लिए लाभदायक रहेगी। समाज में आपका सम्मान और रुतबा बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा। पड़ोस के कुछ खास लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। अचानक नए स्रोतों से होने वाला धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा।

मकर राशि : आज आपका दिन आपके लिए पहले की अपेक्षा अधिक व्यस्त रहने वाला रहेगा। ऑफिस में बॉस आपको कुछ नया काम दे सकते है , जिसे पूरा करने में आप सफल भी होंगे। शाम को परिवार वालों के साथ मौज-मस्ती में समय बीतेगा । किसी बात को लेकर बड़े भाई से विचार-विमर्श करेंगे। नए संपर्कों से आपको फायदा होने की उम्मीद है। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन पहले की अपेक्षा व्यस्त रहने वाला। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ लोगों से पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपको अचानक धन-लाभ हो सकता है। काफी दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज अपनी पद प्रतिष्ठा में वृद्धि करने के लिए आपको कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, जिससे आपका मन खुश हो जायेगा।

# कब पुनः शुरु होगी वरिष्ठ नागरिकों की रेल यात्रा छूट ?

**– निर्मल रानी**

मार्च 2020 में कोरोना महामारी के दौरान दुनिया के अनेक देशों में तरह तरह के अभूतपूर्व फ़ैसले लिये गये थे। प्राय: ऐसे फ़ैसलों का मक़सद कोरोना महामारी के संक्रमण को यथासंभव रोकना था। इसी दौरान पूरे विश्व में हवाई यातायात तक ठप्प हो गया था। अनेक देशों में लॉक डाउन लगा दिया गया था। कल-कारख़ाने सभी प्रकार के यातायात, व्यवसाय, उद्योग बाज़ार आदि सभी बंद कर दिये गये थे। भारत भी उन्हीं देशों में एक था जहाँ पूर्ण लॉक डाउन लगा दिया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं 24 मार्च 2020 की रात को पहले चरण के राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की थी। 25 मार्च 2020 की मध्यरात्रि से लागू हुआ प्रथम चरण का यह पूर्ण लॉकडाउन पहले तो केवल 21 दिनों का बताया गया था परन्तु बाद में भी इसे कई चरणों में आगे बढ़ाया गया था। इसी पूर्ण लॉकडाउन के दौरान रेल सहित देश की सभी यातायात सुविधाओं को पूर्णत: स्थगित कर दिया गया था। कोरोना का प्रभाव कम होने के बाद भारतीय रेलवे ने 12 मई से चरणबद्ध तरीक़े से यात्री ट्रेनों को फिर से शुरू करने की योजना बनाई थी। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम 15 विशेष ट्रेनों के द्वारा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को असम, बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, जम्मू, झारखंड,कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना और त्रिपुरा के प्रमुख शहरों से जोड़ा गया था। बाद में धीरे धीरे इनका विस्तार किया गया।



भारत सरकार ने इस अवसर का लाभ उठाते हुये वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में रेल टिकट पर मिलने वाली आंशिक छूट को पूरी तरह समाप्त कर दिया था। वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली छूट को समाप्त करते समय सरकार द्वारा यह तर्क दिया गया था कि अनावश्यक यात्रा रोकने के लिये यह छूट समाप्त की गयी है। परन्तु आज पूरे छ: वर्ष बीत जाने के बाद भी जबकि देश भर में ट्रेन सेवाएं लगभग सामान्य हो चुकी हैं, यह छूट आज तक बहाल नहीं हुई है। ग़ौरतलब है कि उसी दौरान प्रधानमंत्री ने यह कहा था कि इतनी बड़ी आपदा, भारत के लिए एक संकेत लेकर आई है, एक संदेश लेकर आई है, एक अवसर लेकर आई है। भारत ने आपदा को, अवसर में बदल दिया है । रेल विभाग ने भी इसी आपदा में अवसर देखते हुये कोरोना काल की आड़ में कई ऐसे निर्णय ले डाले जो सरकार के लिये भले ही लाभदायक रहे हों परन्तु रेल यात्रियों के लिये तो हरगिज़ नहीं थे। मिसाल के तौर पर अनेक पैसेंजर ट्रेन को एक्सप्रेस ट्रेन बताकर कहीं स्टॉपेज कम कर दिये गये तो कहीं किराया बढ़ा दिया गया। कई ट्रेन स्थाई रूप से कैंसिल कर दी गयी तो कई ट्रेन के रुट बदल दिये गये। इनमें से कोरोना काल के समय किये गये कुछ परिवर्तन तो यथापूर्व किये गये परन्तु कुछ कोरोना काल समाप्त होने के बावजूद आज तक वैसे ही हैं। जैसे कि कोरोना काल में वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में रेल टिकट पर मिलने वाली आंशिक छूट को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाना। सवाल यह है कि जब यह छूट समाप्त करते समय अनावश्यक यात्रा रोकने जैसा तर्क दिया गया था तो आज तक उस छूट को पुन: लागू क्यों नहीं किया गया? जबकि अब न केवल कोरोना काल के पूर्व की लगभग सभी ट्रेन्स चल रही हैं बल्कि अनेक नई ट्रेन्स भी पटरियों पर दौड़ने लगी हैं? ग़ौरतलब है कि भारतीय रेल ने छात्र, दिव्यांगजन, रोगी, स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध विधवाएँ जैसी कुल 53 श्रेणियों में विभिन्न स्तर पर छूट दी थी। इन्हीं में वरिष्ठ नागरिक भी शामिल थे। वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली टिकट छूट की सुविधा विभिन्न चरणों में 1985 में शुरू की गई थी। अगस्त 2001 से इसे स्वैच्छिक बना दिया गया अर्थात वरिष्ठ नागरिक चाहें तो छूट ले सकते थे। लेकिन यात्रा के दौरान छूट लेने वालों को अपनी आयु का कोई न कोई प्रमाण जैसे आधार, पैन कार्ड या पासपोर्ट आदि यात्रा के समय अपने साथ रखना अनिवार्य कर दिया गया था। इस सुविधा का लाभ देश के बुज़ुर्गों ने 35 वर्षों तक उठाया परन्तु स्वयं को लोकहितकारी बताने का ढिंढोरा पीटने वाली मोदी सरकार ने इसे कोरोना की आड़ में समाप्त कर दिया। जो सरकार छूट समाप्त करते समय अनावश्यक यात्रा रोकने जैसा तर्क दे रही थी वही सरकार अब इसे सरकार पर वित्तीय बोझ मान रही है। सरकार का तर्क है कि रेलवे पहले से ही भारी घाटे में चल रही है । रेल मंत्री संसद में बता भी चुके हैं कि रेलवे सभी यात्रियों को औसतन 45त्न सब्सिडी दे रही है । गोया प्रत्येक यात्री को पहले से ही काफ़ी राहत मिल रही है। कुछ आंकड़े बताते हैं कि सरकार अनावश्यक यात्रा रोकने जैसे उपाय कर देश के बुज़ुर्गों से अब तक दस हज़ार करोड़ से अधिक रूपये कमा चुकी है।

इसी सन्दर्भ में इस बात का ज़िक्र करना भी ज़रूरी है कि बुज़ुर्गों की रेल यात्रा छूट समाप्त करने वाली यही सरकार जब चाहती है और जहाँ से चाहती है विभिन्न तीर्थ स्थलों की मुफ़्त यात्रा हेतु विशेष ट्रेन चला देती है। जब चाहती है चुनावी राज्यों के लिये स्थानीय प्रवासियों हेतु विशेष ट्रेन चलाकर उन्हें मतदान करने हेतु नि:शुल्क भेजती है। गोया अपने वोट बैंक साधने के लिये तो सरकार तत्पर रहती है परन्तु इसी सरकार के पास न तो कोरोना काल की शुरुआत में इन्हीं प्रवासी मज़दूरों को उनके राज्यों व शहरों तक भेजने के लिये कोई ट्रेन थी न ही आज उन ट्रेन्स पर चलने वाले बुज़ुर्गों के लिये पूर्व में मिलने वाली छूट ? हालाँकि कभी कभार अपुष्ट सूत्रों से यह ख़बर सुनाई देती है कि शायद सरकार पुन: यह छूट देने पर विचार कर रही है।




# तमिलनाडु चुनावः पीएम मोदी के धुआंधार प्रचार से कांग्रेस और डीएमके गठबंधन पर उठे सवाल



चैन्नई,। तमिलनाडु में चुनावी पारा अपने चरम पर है और राज्य की सभी प्रमुख पार्टियां मतदाताओं को लुभाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही हैं। हालांकि, इस चुनावी रण में दो बड़े राष्ट्रीय चेहरों की सक्रियता ने नई बहस छेड़ दी है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के लिए लगातार राज्य के दौरे कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तमिलनाडु में प्रचार से अब तक की दूरी कई राजनीतिक सवाल खड़े कर रही है। पिछले दो महीनों के भीतर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सहयोगियों के पक्ष में माहौल बनाने के लिए तीन बार तमिलनाडु का दौरा किया है। उनका यह आक्रामक अभियान यहीं रुकने वाला नहीं है, क्योंकि वे 15 अप्रैल को फिर से नागरकोइल में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।प्रधानमंत्री के इस ताबड़तोड़ प्रचार के ठीक विपरीत, राहुल गांधी ने अब तक तमिलनाडु में एक भी रैली नहीं की है। उनकी इस अनुपस्थिति ने इन अटकलों को हवा दे दी है कि कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) गठबंधन के भीतर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। राजनीतिक विश्लेषक इस स्थिति की तुलना 2021 के विधानसभा चुनाव से कर रहे हैं, जब राहुल गांधी ने चुनाव से काफी पहले जनवरी में ही तीन दिवसीय दौरे के साथ अपने प्रचार का शंखनाद कर दिया था। दोनों दलों के बीच बढ़ती दूरियों का सबसे स्पष्ट संकेत हाल ही में पुडुचेरी में देखने को मिला। वहां राहुल गांधी ने प्रचार के दौरान जनता से गठबंधन के लिए समर्थन तो मांगा, लेकिन अपने पूरे भाषण में उन्होंने सहयोगी पार्टी डीएमके या उसके अध्यक्ष एम.के. स्टालिन का एक बार भी नाम नहीं लिया। सबसे दिलचस्प बात यह रही कि जिस दिन राहुल गांधी पुडुचेरी में थे, उसी दिन एम.के. स्टालिन भी वहीं मौजूद थे। लेकिन दोनों शीर्ष नेताओं के कार्यक्रमों को इस तरह तय किया गया था कि उनका आमना-सामना न हो सके। जहां राहुल ने सुबह प्रचार किया, वहीं स्टालिन शाम को पहुंचे। इसके जवाब में स्टालिन ने भी अपने भाषण में राहुल गांधी का जिक्र नहीं किया। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह दूरी दरअसल चुनाव से पहले सीट बंटवारे को लेकर हुई खींचतान और मनमुटाव का नतीजा है। हालांकि, डीएमके ने सफाई दी है कि कार्यक्रमों में बदलाव संभव नहीं था और दोनों नेता जल्द ही साथ दिखेंगे। कांग्रेस के अनुसार, राहुल गांधी 10 अप्रैल के बाद तमिलनाडु का रुख कर सकते हैं।

## भारतीय नौसेना का जहाज त्रिकंद केन्या के मोम्बासा पहुंचा

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय नौसेना का अग्रणी निर्देशित मिसाइल युद्धपोत आईएनएस त्रिकंद दक्षिण पश्चिम हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी जारी तैनाती के तहत केन्या के मोम्बासा पहुंचा। केन्या में इस तैनाती का उद्देश्य समुद्री सहयोग को मजबूत करना और भारत तथा केन्या के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना है।इस बंदरगाह पर आईएनएस त्रिकंद युद्धपोत के आगमन के साथ ही पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन भी केन्या यात्रा पर पहुंचे।इस यात्रा के दौरान व्यावसायिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाएगा और आवश्यक सामग्री केन्या रक्षा बलों को सौंप दी जाएगी। इसके अलावा युद्धपोत के कमांडिंग ऑफिसर केन्या के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।मोम्बासा से प्रस्थान करने से पहले आईएनएस त्रिकंद केन्या नौसेना की इकाइयों के साथ एक पैसेज एक्सरसाइज (पासेक्स) में भाग लेगा। इस अभ्यास में सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों के आदान-प्रदान को सुगम बनाया जाएगा और द्विपक्षीय समुद्री अंतर संचालनीयता को बढ़ावा मिलेगा। आईएनएस त्रिकंद का मोम्बासा बंदरगाह पर आना भारत के महासागर (हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति) विजन के अनुरूप है।

## बेटे की मौत के सदमे में मां की भी हार्ट अटैक से मौत, गांव में छाया मातम

हाथरस ,(आरएनएस)। सादाबाद क्षेत्र के शेरपुर गांव में मंगलवार की रात एक ऐसी हृदय विदारक घटना घटी, जिसने पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया। प्रॉपर्टी डीलर राजकुमार उर्फ राजू (41) की आगरा में उपचार के दौरान मौत हो गई। लेकिन इस दुखद खबर का दर्द यहीं नहीं थमा। जैसे ही उनका शव घर पहुंचने पर मां राजवती देवी को बेटे की मौत का पता चला, वह यह आघात सहन नहीं कर सकीं और उन्हें भी दिल का दौरा पड़ गया। देखते ही देखते एक ही रात में मां और बेटे, दोनों की जिंदगी की डोर टूट गई।

बताया जाता है कि मंगलवार शाम राजकुमार को अचानक सीने में तेज दर्द और घबराहट महसूस हुई। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सादाबाद ले गए, जहां से चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए आगरा रेफर कर दिया। तमाम प्रयासों के बावजूद आगरा में इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। जब रात में उनका शव गांव पहुंचा, तो घर में कोहराम मच गया। बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां राजवती देवी का दिल टूट गया। पुत्र वियोग का यह असहनीय दुख उन्हें भीतर तक झकझोर गया और कुछ ही क्षणों में उनकी भी मौत हो गई।

## भारत ने ईरान में मौजूद भारतीयों को दी जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह, युद्धविराम का स्वागत किया

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर समझौते के बावजूद, भारत ने बुधवार को ईरान में मौजूद अपने नागरिकों को सलाह दी कि वे जल्द से जल्द देश छोड़ दें। भारत ने अपने नागरिकों को ईरान में स्थित दूतावास के बताए रास्तों का इस्तेमाल करने का भी सुझाव दिया है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को एक एडवाइजरी में कहा, 7 अप्रैल की एडवाइजरी के क्रम में और हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे दूतावास के साथ तालमेल बिठाकर और दूतावास की ओर से सुझाए गए रास्तों का इस्तेमाल करके जल्द से जल्द ईरान छोड़ दें। भारतीय दूतावास ने आगे कहा, यह फिर से दोहराया जाता है कि दूतावास से पहले से सलाह और तालमेल किए बिना किसी भी अंतरराष्ट्रीय जमीनी सीमा तक पहुंचने की कोई कोशिश नहीं की जानी चाहिए। एडवाइजरी में दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए आपातकालीन नंबर भी शेयर किए हैं। हालांकि, एक ताजा पोस्ट में भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम का स्वागत किया। इसके साथ ही, उम्मीद जताई कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी।

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा, मोदी सरकार ने छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप्स को बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराकर स्वरोजगार और लघु उद्योग को नई शक्ति दी है

नई दिल्ली (आरएनएस)। इन 11 वर्षों में इस कल्याणकारी योजना के तहत ?40 लाख करोड़ से अधिक के 58 करोड़ लोन वितरित किए गए हैं12 करोड़ युवा लाभान्वित होकर आत्मनिर्भर भारत की निर्माण यात्रा को नई ऊर्जा दे रहे हैंइनमे हर 3 में से 2 मुद्रा ऋण महिलाओं को मिलना नारी शक्ति के स्वावलंबन की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि हैकेंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कहा कि मोदी सरकार ने छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप्स को बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराकर स्वरोजगार और लघु उद्योग को नई शक्ति दी है। X' पर जारी एक पोस्ट में अमित शाह ने कहा, मोदी सरकार ने छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप्स को बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराकर स्वरोजगार और लघु उद्योग को नई शक्ति दी है। इन 11 वर्षों में इस कल्याणकारी योजना के तहत 40 लाख करोड़ से अधिक के 58 करोड़ लोन वितरित किए जा चुके हैं, जिससे 12 करोड़ युवा लाभान्वित होकर आत्मनिर्भर भारत की निर्माण यात्रा को नई ऊर्जा दे रहे हैं। हर 3 में से 2 मुद्रा ऋण महिलाओं को मिलना नारी शक्ति के स्वावलंबन की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का निधन


नोएडा(ए)। कांग्रेस की दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का बुधवार तड़के 4 बजे नोएडा के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहीं और उनकी गिनती कांग्रेस के उन कद्दावर नेताओं में होती थी जो गांधी परिवार के बेहद भरोसेमंद माने जाते थे। उनके निधन की खबर से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, उनके पार्थिव शरीर को आज बुधवार दोपहर तीन बजे उनके नोएडा स्थित सेक्टर-40 आवास से अंतिम यात्रा के लिए ले जाया जाएगा। शाम करीब 5 बजे उन्हें दिल्ली के निजामुद्दीन कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। किदवई का राजनीतिक करियर बेहद शानदार रहा; उन्होंने केंद्र सरकार में मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दीं ।




सूरत बीजेपी अध्यक्ष परेश पटेल और गुजरात बीजेपी की सह-प्रवक्ता हेमाली बोघावाला ने पार्टी के अन्य नेताओं के साथ मिलकर, सूरत के उधना स्थित बीजेपी कार्यालय पंडित दीनदयाल भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गई टिप्पणियों का विरोध किया।

## बंगाल चुनावः जेल से बाहर आते ही राकेश सिंह बने भाजपा उम्मीदवार, कोलकाता पोर्ट सीट से लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कोलकाता पोर्ट सीट से राकेश सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। इसके साथ ही पार्टी ने राज्य की कुल 294 विधानसभा सीटों में से 293 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम जारी कर दिए हैं।इस बीच, भाजपा नेता राकेश सिंह मंगलवार दोपहर को प्रेसिडेंसी जेल से रिहा हुए। उन्हें कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा अंतरिम जमानत प्रदान की गई थी, ताकि वे कोलकाता पोर्ट सीट से चुनाव लड़ सकें। जेल से बाहर आते ही उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया , जिससे उनके प्रति स्थानीय स्तर पर समर्थन का अंदाजा लगाया जा सकता है।हालांकि रिहाई के समय तक भाजपा ने औपचारिक रूप से उन्हें उम्मीदवार घोषित नहीं किया था लेकिन पार्टी ने उच्च न्यायालय को पहले ही सूचित कर दिया था कि राकेश सिंह ही इस सीट से उसके उम्मीदवार होंगे। अब आधिकारिक




घोषणा के बाद यह स्थिति स्पष्ट हो गई है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल निर्धारित की गई है और उम्मीद है कि राकेश सिंह उसी दिन अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।न्यायमूर्ति कौसिक चंदा ने अपने जमानत आदेश में यह स्पष्ट किया कि यदि राकेश सिंह को पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन नहीं मिलता है, तो राज्य सरकार उनकी जमानत रद्द करने के लिए आवेदन कर सकती है।


## भारत-पाक बॉर्डर पर 200 मीटर तक फेंसिंग शिफ्ट, पंजाब के 6 सरहदी जिलों में होगा भूमि अधिग्रहण

चंडीगढ़,(आरएनएस)। भारत-पाक सीमा पर फेंसिंग को करीब 200 मीटर तक शिफ्ट किए जाने के मामले में बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया गया है। इस कदम के तहत पंजाब के छह सरहदी जिलों में भूमि अधिग्रहण किया जाएगा, जिससे सीमा सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है।सरकार ने इस प्रक्रिया को तेज और सरल बनाने के लिए अहम बदलाव किए हैं। अब भूमि अधिग्रहण से जुड़े सभी अधिकार सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (स्ठरू) को सौंप दिए गए हैं। स्ठरूको कलेक्टर की शक्तियां दी गई हैं, जिससे मुआवजा तय करने, पुनर्वास और अन्य प्रशासनिक फैसले जिला स्तर पर ही लिए जा सकेंगे।अधिकारियों के अनुसार, इस निर्णय से किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। पहले जहां मुआवजा और पुनर्वास के लिए लंबी प्रशासनिक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था, वहीं अब फैसले स्थानीय स्तर पर तेजी से होंगे। इससे प्रभावित किसानों को समय पर मुआवजा और पुनर्वास सुविधाएं मिलने की संभावना बढ़ेगी।

## टूटता रहा आशियाना तो बर्दाश्त नहीं कर पाए बाप-बेटे, बुलडोजर देख पेड़ से लगाया फंदा; एक की हालत नाजुक

फर्रुखाबाद ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश से आत्महत्या और उसकी कोशिश से जुड़े दो दिल दहला देने वाले मामले सामने आए हैं। पहला मामला शाहजहांपुर का है, जहां प्रशासन की टीम द्वारा मकान तोड़ने की कार्रवाई से क्षुब्ध होकर बाप-बेटे समेत तीन लोगों ने अधिकारियों के सामने ही फांसी लगा ली। वहीं, दूसरी घटना फर्रुखाबाद की है, जहां एक बीमार महिला ने खौफनाक कदम उठाते हुए अपनी जान दे दी और उसे बचाने आई सगी बहन को भी दांतों से काट लिया।शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद थाना क्षेत्र के मगटोरा गांव के मजरेता में मंगलवार दोपहर उस वक्त चीख-पुकार मच गई, जब प्रशासन की टीम एक चकरोड पर बने मकान को अवैध बताकर तोड़ने के लिए भारी पुलिस बल और जेसीबी लेकर पहुंच गई। जैसे ही टीम ने कार्रवाई शुरू की, पीड़ित परिवार विरोध पर उतर आया। अपना आशियाना आंखों के सामने उजड़ता देख बाप-बेटे समेत तीन लोग इस कदर हताश हो गए कि उन्होंने घर के पास ही स्थित एक पेड़ पर फांसी का फंदा डालकर जान देने की खौफनाक कोशिश की।

## अमेरिका-फ्रांस भी छूट गए पीछे, अब भारत में कभी खत्म नहीं होगी बिजली; जानिए इस परमाणु महाशक्ति का राज



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। भारत ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐसा ऐतिहासिक मुकाम हासिल कर लिया है, जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया है। तमिलनाडु के कलपक्कम में स्थित देश के सबसे उन्नत परमाणु रिएक्टर, प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (क्कद्धक्क) ने 'क्रिटिकैलिटी' के अहम स्टेज को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। इस बड़ी उपलब्धि के साथ ही भारत अब परमाणु ईंधन के लिए दूसरे देशों की मोहताज से हमेशा के लिए मुक्त हो जाएगा और दुनिया की एक नई परमाणु महाशक्ति बनकर उभरेगा। 'क्रिटिकैलिटी' का मतलब है कि अब यह रिएक्टर बिना किसी बाहरी दखल के अपने आप परमाणु विखंडन (एटॉमिक रिएक्शन) के जरिए निरंतर ऊर्जा पैदा करने में सक्षम हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस सफलता को भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में एक निर्णायक और क्रांतिकारी मोड़ करार दिया है।

जितना ईंधन खर्च करेगा, उससे कहीं ज्यादा बनाएगा

इस अत्याधुनिक रिएक्टर की सबसे बड़ी और अनोखी खूबी इसके 'ब्रीडर' तकनीक में ही छिपी है। आम तौर पर सामान्य परमाणु रिएक्टर ईंधन (यूरेनियम) को जलाकर सिर्फ बिजली पैदा करते हैं, लेकिन कलपक्कम का यह रिएक्टर ऊर्जा पैदा करने के साथ-साथ नया ईंधन भी बनाता है। यह मशीन जितना ईंधन खर्च करती है, उससे कहीं ज्यादा मात्रा में नया ईंधन पैदा कर देती है। इस अभूतपूर्व स्वदेशी तकनीक के जरिए भारत के पास भविष्य के लिए परमाणु ईंधन का एक ऐसा अटूट भंडार तैयार हो जाएगा जो देश को हमेशा रोशन रखेगा।

डॉ. होमी भाभा का सपना साकार, दूसरे चरण में दमदार एंट्री

## आधी रात को महिलाओं के अंडरगारमेंट्स चुराता है यह मनोरोगी, CCTV में कैद घिनौनी करतूत देख हर कोई हैरान

चामराजनगर ,(आरएनएस)। कर्नाटक के चामराजनगर जिले से एक बेहद शर्मनाक और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां की एक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक अज्ञात मनोरोगी ने स्थानीय महिलाओं की



रातों की नींद उड़ा दी है। यह शख्स न सिर्फ रात के अंधेरे में महिलाओं के अंत:वस्त्र (अंडरगारमेंट्स) चुराता है, बल्कि उन्हें सरेआम पहनकर ऐसी घिनौनी हरकतें करता है जिसे सुनकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएं। इस सनसनीखेज घटना के सामने आने के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।कॉलोनी के लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से घरों के बाहर तार पर सूखने के लिए डाले गए महिलाओं के कपड़े रहस्यमय तरीके से गायब हो रहे थे। शुरुआत में स्थानीय लोगों ने इसे कोई मामूली चोरी समझा और ज्यादा ध्यान नहीं दिया। लेकिन जब यह सिलसिला लगभग रोज का हो गया, तो निवासियों का शक गहरा गया। असलियत का पता लगाने के लिए जब लोगों ने अपने घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तो उसमें दिखा खौफनाक नजारा देखकर सबके पैरों तले जमीन खिसक गई।

## रिश्वत से कुछ भी करा लेंगे, ये आम आदमी की सोच , इन्हें बिना सजा के नहीं छोड़ना', हाईकोर्ट ने दिया करारा झटका

इलाहाबाद ,,(आरएनएस)। कानपुर में फर्जी पीएचडी डिग्री और यूनिवर्सिटी में सहायक प्रोफेसर की नौकरी दिलाने के नाम पर हुई लाखों रुपये की ठगी के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने मुख्य आरोपी महिला की एफआईआर रद्द करने की याचिका को खारिज करते हुए बेहद तल्ख टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने गहरी चिंता जताते हुए कहा कि समाज में एक बहुत ही डरावना चलन पनप रहा है, जहां आम आदमी यह सोचने लगा है कि रिश्वत देकर कुछ भी हासिल किया जा सकता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि कमजोर नैतिकता को दर्शाने वाले ऐसे अपराधों को बिना सजा के बिल्कुल नहीं छोड़ा जा सकता।

इस तरह बुना गया ठगी का शातिर जाल

इस पूरे फर्जीवाड़े की एफआईआर कानपुर के स्वरूप नगर थाने में 14 सितंबर 2024 को दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता तान्या दीक्षित ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि



विक्रम सिंह सेंगर नाम का शख्स उनके घर आता-जाता था। वह अक्सर अपनी मां तृप्ति सिंह सेंगर और दोस्त प्रियंका सिंह सेंगर (याचिकाकर्ता) के साथ आता था। ये सभी मिलकर सरकार, प्रशासन और कानपुर यूनिवर्सिटी में अपनी ऊंची पहुंच की बड़ी-बड़ी डींगें हांकते थे। जब तान्या ने नौकरी की इच्छा जताई, तो इन लोगों ने उसे झांसे में लेते हुए कहा कि उसे बिना मेहनत किए ही पीएचडी की डिग्री मिल जाएगी और यूनिवर्सिटी में सहायक प्रोफेसर की नौकरी भी पक्की करवा दी जाएगी।इन शातिरों के झूठे आश्वासनों और उनकी ऊंची पहुंच के दावों पर भरोसा करते हुए तान्या ने उनके बैंक खातों में कुल 22 लाख 18 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे ठगते हुए पीएचडी की फर्जी डिग्री और कानपुर स्थित एक यूनिवर्सिटी का फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया। जब शिकायतकर्ता अपनी जॉइनिंग के लिए खुशी-खुशी यूनिवर्सिटी पहुंची, तो वहां के रजिस्ट्रार ने दस्तावेजों को देखते ही बता दिया कि वे पूरी तरह से जाली हैं। ठगी का अहसास होने पर जब पीड़िता ने अपने पैसे वापस मांगे और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी, तो आरोपियों ने उसे जान से मारने और गंभीर मुकदमों में फंसाने की धमकियां देनी शुरू कर दीं।इस मामले में आरोपी प्रियंका सेंगर ने हाईकोर्ट में एफआईआर रद्द करने की गुहार लगाई थी।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में पार्टी के एससी विभाग द्वारा आयोजित, उत्तर भारतीय राज्यों के जिला कांग्रेस अध्यक्षों की राष्ट्रीय बैठक को संबोधित किया।

# थलापति विजय संग रिश्ते की खबर के बीच फिल्मों से संन्यास लेंगी तृषा कृष्णन? जानिए सच



अभिनेत्री तृषा कृष्णन कुछ दिनों से अभिनेता थलापति विजय के साथ अपने कथित संबंधों को लेकर चर्चा में हैं। यह अलग बात है कि दोनों में से किसी ने इन अफवाहों पर प्रतिक्रिया नहीं दी। इस बीच, खबरें आईं कि तृषा फिल्मों से संन्यास ले रही हैं। वह किसी अमीर व्यवसायी के साथ शादी करने वाली हैं। इन तमाम अटकलों पर आखिरकार तृषा ने चुप्पी तोड़ी और सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए पोस्ट साझा किया है।

तृषा ने सोशल मीडिया पर उन्हें लेकर लगाई जाने वाली तमाम अटकलों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने लिखा, लगता है कि मैंने फिल्में छोड़ दी हैं। किसी अमीर व्यवसायी से शादी कर ली है और 4 बच्चों की मां भी बन गई हूं, जो कल ही 2 साल के हो गए! क्या कुछ और जोड़ना बाकी है या सारा मनगढ़ंत कोटा आज ही पूरा हो गया? अभिनेत्री ने अपनी पोस्ट से तमाम अफवाहों पर ब्रेक लगा दिया है।बीते कुछ महीनों से विजय और तृषा के बीच कथित रिश्ता होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। इन चर्चाओं को हवा तब मिली जब अभिनेता की पत्नी संगीता सोरनलिंगम ने उन्हें तलाक देने की बात कही थी। यही नहीं, संगीता ने विजय पर किसी अभिनेत्री के साथ अवैध संबंध हो का जिक्र भी किया था। काम की बात करें, तो तृषा को आने वाले दिनों में फिल्म करुप्पु में देखा जाएगा। इसमें उनके साथ सूर्या नजर आएंगे।

# मटका किंग ट्रेलर आउट, जुआ, अमीरी, धोखा और मटके का खेल, विजय वर्मा इस बार चलेंगे बड़ा दांव

प्राइम वीडियो ने अपने आने वाले ओरिजिनल ड्रामा मटका किंग का शानदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है. अभय कोरान्ने द्वारा लिखित इस सीरीज को नागराज पोपटराव मंजुले ने बनाया, लिखा और डायरेक्ट किया है. ट्रेलर 1960 के दशक के तेजी से बदलते बॉम्बे की एक दिलचस्प कहानी की झलक दिखाता है, जहां एक महत्वाकांक्षी कपास व्यापारी (कॉटन ट्रेडर) मुश्किलों से लड़ते हुए मटका नाम का एक निडर जुआ साम्राज्य खड़ा करता है और अमीरों के इस शौक को पूरे देश का जुनून बना देता है.

मटका किंग में विजय वर्मा लीड रोल में हैं, साथ ही कृतिका कामरा, सई ताम्हणकर, सिद्धार्थ जाधव, भूपेंद्र जादावत और गुलशन ग्रोवर भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे. इनके अलावा भारत जाधव, गिरीश कुलकर्णी, जेमी लीवर, किशोर कदम, साइरस साहूकार, अर्पिता सेठिया, संभाजी तांगडे, इश्तियाक खान, संजीव जोटांगिया और सिमरन अश्विनी भी अहम रोल निभा रहे हैं. यह सीरीज 17 अप्रैल को भारत और दुनिया भर के 240 देशों और क्षेत्रों में सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी.

ट्रेलर ब्रिज भट्टी (विजय वर्मा) की मटके से बदलती दुनिया में ले जाता है, जो एक शातिर और होनहार कॉटन ट्रेडर है और 1960 के दशक के आजाद भारत के बॉम्बे में एक बेहतर ज़िंदगी के सपने देखता है. एक दमदार आइडिया के साथ, वह जुए को अमीरों के शौक से बदलकर कुछ बहुत बड़ा बना देता है और यहीं से जन्म होता है मटका का. लेकिन दांव जितना बड़ा होता है, अंजाम उतना ही खतरनाक होता है, और जो एक सपने के रूप में शुरू हुआ था, वह सब कुछ तबाह भी कर सकता है. तेज रफ़्तार और रोंगटे खड़े कर देने वाला यह ट्रेलर जुनून, ताकत और उसकी कीमत की कहानी बयां करता है, जो आपके मन में एक ही सवाल छोड़ जाता है- क्या




मटका किंग का सपना पूरा होगा या सब कुछ बिखर जाएगा? 1960 के बॉम्बे को एक नए अंदाज में अनुभव करें, जो सपनों, अरमानों और मटका किंग से भरा है, जिसका प्रीमियर 17 अप्रैल को सिर्फ प्राइम वीडियो पर होगा.

विराज भट्टी का किरदार निभा रहे विजय वर्मा ने बताया, मटका किंग में काम करना एक रोमांचक सफर रहा है. इस दुनिया और इस किरदार को पर्दे पर उतारना चुनौतीपूर्ण भी था और दिल को सुकून देने वाला भी, खासकर एक ऐसे दौर की पृष्ठभूमि में जिसे मैंने पहले कभी एक्सप्लोर नहीं किया था. साथ ही, दहाड़ और मिर्जापुर के बाद फिर से एक प्राइम ओरिजिनल में वापसी करना शानदार है.

हमारे क्रिएटर्स नागराज मंजुले और अभय कोरान्ने ने मुझे ब्रिज की दुनिया में गहराई से उतरने की पूरी आज़ादी दी, और कृतिका, सई, गुलशन ग्रोवर जैसे टैलेंटेड को-स्टार्स और पूरी कास्ट के साथ काम करने से यह अनुभव और भी यादगार बन गया. असल में मटका किंग महत्वाकांक्षा, ताकत और कामयाबी के लिए चुकाई जाने वाली कीमत की कहानी है, जो मुझे लगता है कि हर किसी को पसंद आएगी और भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया के दर्शकों को बांधे रखेगी. मैं बस उस पल का इंतजार कर रहा हूं, जब 17 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर यह सीरीज रिलीज होगी और लोग इसे देखेंगे.

## नागा शौर्य की एक्शन ड्रामा फ़िल्म बैड बॉय कार्तिक का ट्रेलर, 17 अप्रैल को होगी रिलीज़

नागा शौर्य, राम देसिना द्वारा निर्देशित एक ज़बरदस्त एक्शन ड्रामा फ़िल्म बैड बॉय कार्तिक में अपने नए मास अवतार में नज़र आने वाले हैं। श्री वैष्णवी फ़िल्म्स के बैनर तले श्रीनिवास राव चिंतलपुडी द्वारा निर्मित यह फ़िल्म, मास एक्शन, ड्रामा, रोमांस और कॉमेडी का एक बेहतरीन मिश्रण होने का वादा करती है। फ़िल्म के ट्रेलर में शौर्य एक ऐसे दमदार और पहले कभी न देखे गए अंदाज़ में नज़र आते हैं, जो उनकी शानदार अभिनय क्षमता और कॉमिक टाइमिंग को बखूबी उभारता है।

फ़िल्म की कहानी बैड बॉय कार्तिक के इर्द-गिर्द घूमती है— एक ऐसा बेबाक और अदम्य किरदार जो खलनायक का सामना करता है और बेगुनाहों की रक्षा करता है। ट्रेलर में नरेश वीके का भावुक अभिनय, समुथिरकानी की खौफ़नाक मौजूदगी और साई कुमार की गुदगुदाने वाली कॉमेडी देखने को मिलती है। फ़िल्म की मुख्य अभिनेत्री के तौर पर विधि का अभिनय भी काफ़ी प्रभावशाली है, वहीं माइम गोपी और वेनेला किशोर जैसे सहायक कलाकारों की मौजूदगी फ़िल्म के आकर्षण को और बढ़ा देती है।

## अल्लू अर्जुन के बर्थडे पर धमाके की तैयारी, एए22&ए6 का कल रिवील होगा टाइटल, नए पोस्टर ने उड़ाए होश




साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन कल यानी 8 अप्रैल को 44 साल के होने जा रहे हैं. इससे पहले अल्लू अर्जुन की अगली मोस्ट अवेटेड पैन इंडिया एक्शन थ्रिलर फिल्म एए22&ए6 खूब चर्चा में है. फैंस को इंतजार है कि अल्लू अर्जुन अपने 44वें बर्थडे पर फिल्म से बड़ा तोहफा देंगे और फैंस का सपना सच भी हो गया है. कल यानी 8 अप्रैल को अल्लू अर्जुन की फिल्म से टाइटल पोस्टर जारी होगा. इसकी जानकारी मेकर्स सनपिक्चर्स ने एक टीजर पोस्टर जारी कर दी है. इस टीजर पोस्टर में एक दानव का हाथ दिख रहा है, जिसके बड़े-बड़े नाखून हैं. इस पोस्टर ने अल्लू अर्जुन के फैंस की बेचैनी को और भी ज्यादा बढ़ दिया है.

अल्लू अर्जुन और फिल्म के डायरेक्टर एटली ने भी इस पोस्टर को सोशल मीडिया पर जारी किया है और इसके कैप्शन में लिखा है, धमाके लिए तैयार रहे, कल सुबह 11 बजे फिल्म का टाइटल पोस्टर जारी होगा. अब अल्लू अर्जुन और एटली की जोड़ी की साथ में पहली फिल्म ने उनके फैंस के दिलों की धड़कनों को बढ़ा दिया है. क्योंकि इस पोस्टर को देखने के बाद इस फिल्म को लेकर फैंस के मन में अलग-अलग ख्याल आ रहे हैं. इस पोस्ट पर अलग-अलग टाइटल बता रहे हैं. फिलहाल फिल्म का नाम एए22×ए6 है, लेकिन कल फिल्म का असली टाइटल सबके सामने होगा.

## कॉमेडियन जाकिर खान पर भड़कीं अमीषा पटेल? बोलीं- नकारात्मकता मत फैलाओ

अमीषा पटेल काम के साथ-साथ अपनी बेबाक राय रखने के लिए भी जानी जाती हैं। हाल ही में, अभिनेत्री ने एक सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए जाकिर खान की आलोचना की है। उन्होंने कॉमेडियन पर




नकारात्मकता फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि फिल्म जगत ने धुरंधर की सफलता को खुले दिल से स्वीकार किया है। दरअसल, एक कार्यक्रम में जाकिर ने फिल्मी सितारों पर तंज कसते हुए कहा था कि धुरंधर से सबको जलन हुई है।अमीषा ने कार्यक्रम से जाकिर की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, यार, नकारात्मकता फैलाना बंद करो! फिल्म इंडस्ट्री ने धुरंधर को महत्व दिया है और उसका सम्मान किया है! शाहरुख, सलमान, सनी, रितिक, अजय जैसे सुपरस्टारों ने सिर्फ 1 नहीं बल्कि 25 से अधिक मेगा हिट दिए हैं और आगे भी ऐसा करते रहेंगे। शांत रहो, गदर बहुत सालों से सबने पहले ही मचा दिया है, और आगे भी मचाएंगे।चेतक स्क्रीन अवार्ड 2026 की शाम, जाकिर ने मंच से मजाकिया अंदाज में कहा था, कितने ही बधाई संदेश डाल दें, कितनी ही कहानियां डाल दें, कितने ही इंटरव्यू में बोल दें मेरी पसंदीदा फिल्म, मगर सच तो यह है कि धुरंधर से सबकी जलन तो है। उन्होंने शायराना अंदाज में बोला था, बम फिल्म में फूटें ल्यारी में, पर धुआं उड़ा है बांद्रा से जुहू में। उनके इस मजाकिया कथन पर वहां मौजूद फिल्मी सितारे भी हंस पड़े थे।

# सोहम शाह की फिल्म तुम्बाड 2 का मोशन पोस्टर जारी, फिर लौटेगा हस्तर का खौफ

सोहम शाह ने जब से तुम्बाड 2 का आधिकारिक ऐलान किया है, यह चर्चा में बनी हुई है। फैंस इसलिए भी खुश है, क्योंकि सीक्वल में दोहरा रंग जमाने के लिए नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी शामिल हो गए हैं। निर्देशन की कमान आदेश प्रसाद ने संभाली है, जबकि निर्माण सोहम शाह फिल्म्स और डॉ. जयंतीलाल गड़ा के पैन स्टूडियो के सहयोग से किया जा रहा है। इस बीच, निर्माताओं ने तुम्बाड 2 का आधिकारिक मोशन पोस्टर भी जारी कर दिया है।

सोहम ने तुम्बाड 2 का मोशन पोस्टर जारी करते हुए लिखा, हर संत का एक अतीत होता है। हर पापी का एक भविष्य होता है। पाप की विरासत लौटकर आती है, लोभ का चक्र चलता रहता है...एक बार फिर, तुम्बाड की दुनिया में




आपका स्वागत है! पोस्टर में पूर्ति की देवी की एक झलक को दिखाया गया है। इससे पहले, उन्होंने सेट से मुहूर्त शॉट की तस्वीरें साझा करते हुए बताया था कि फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है।तुम्बाड 2 उन बड़ी फिल्मों में से एक है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अब सोहम शाह के साथ नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी इस फिल्म से जुड़ गए हैं, जिसने फिल्म को लेकर लोगों की उत्सुकता और भी ज़्यादा बढ़ा दी है.

तुम्बाड के साथ सोहम शाह ने वाकई में सिनेमा की एक बेहतरीन मिसाल पेश की थी, जहां इस फिल्म ने अपनी एक अलग पहचान बनाई और इसे हिंदी की सबसे अच्छी फैंटेसी फोकलोर फिल्मों में से एक माना जाता है, वहीं 2024 में जब इसे दोबारा रिलीज किया गया, तो यह दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली री-रिलीज इंडियन फिल्म बन गई.तुम्बाड 2 का निर्देशन आदेश प्रसाद कर रहे हैं और इसकी कमान एक्टर-प्रोड्यूसर सोहम शाह ने अपने बैनर सोहम शाह फिल्म्स के तहत संभाली है. उनके साथ पेन स्टूडियोज के डॉ. जयंतीलाल गड़ा भी जुड़े है


## सुंदर सी की अगली फिल्म का टाइटल है पुरुषन; योगी बाबू और विशाल के साथ नजर आएंगी तमन्ना भाटिया

अभिनेता विशाल, तमन्ना भाटिया और निर्देशक सुंदर सी फिर से एक साथ काम करने जा रहे हैं। उनकी नई फिल्म का नाम पुरुषन है। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा हुई और साथ ही धमाकेदार एक्शन के साथ टीजर भी जारी किया गया।

पुरुषन फिल्म की कहानी एक्शन से भरपूर है, जैसा की टीजर में दिखाया गया है। एक्टर विशाल का रोल एक शांत और आज्ञाकारी पति का है, जो घर में सारा काम करता है। लेकिन उसके अंदर एक छिपा हुआ हिंसक और एक्शन वाला इंसान है, जिसके बारे में उसकी दबंग पत्नी (तमन्ना) को शायद पता नहीं है। टीजर में दिखाया गया है कि वह घर की रसोई में ही गुंडों से लड़ता है।

फिल्म पुरुषन का निर्माण एसीएस अरुण कुमार ने बेन्ज मीडिया के तहत किया है। इसमें खुशबू सुंदर भी शामिल हैं। संगीत हिपहॉप तमिझा ने दिया है, कैमरा गोपी अमरनाथ ने संभाला है और एडिटिंग रोजर कर रहे हैं।

# हाथों की खुरदरी त्वचा को मुलायम बनाने के लिए अपनाएं ये प्रभावी तरीके



हाथों की मुलायम त्वचा अक्सर काम करने की वजह से खुरदुरी और कठोर हो जाती है। यह समस्या खासकर सर्दियों में ज्यादा परेशान करती है, जब ठंड और सूखी हवा हमारे हाथों की नमी को छीन लेती है। इस लेख में हम कुछ सरल और प्रभावी सुझाव देंगे, जिनसे आप अपने हाथों की खुरदरी त्वचा को मुलायम बना सकते हैं। इन सुझावों को अपनाकर आप अपने हाथों को स्वस्थ और सुंदर बना सकते हैं।

### रोजाना नमी देने वाली क्रीम का उपयोग करें

अपने हाथों को मुलायम बनाने के लिए सबसे जरूरी कदम है नियमित रूप से नमी देने वाली क्रीम का उपयोग करना। नहाने या हाथ धोने के बाद तुरंत क्रीम लगाएं, ताकि आपकी त्वचा नमी को सोख सके। इससे आपके हाथों की नमी बनी रहेगी और वे खुरदरे नहीं होंगे। अच्छे परिणाम के लिए गाढ़ी और चिकनी क्रीम चुनें, जो लंबे समय तक आपकी त्वचा पर बनी रहे और उसे पोषण दे सके।

### गर्म पानी से बचें

गर्म पानी से हाथ धोने या नहाने से बचें, क्योंकि यह आपकी त्वचा की नमी को छीन लेता है और उसे खुरदरा बना देता है। हमेशा हल्के गर्म पानी का उपयोग करें, ताकि आपकी त्वचा की नमी बनी रहे और हाथ मुलायम रहें। इसके अलावा हल्के गर्म पानी से हाथ धोने पर त्वचा को आराम भी मिलता है और खुरदरापन कम होता है। इस तरह आप अपने हाथों को स्वस्थ और सुंदर बना सकते हैं।

### प्राकृतिक तेल का उपयोग करें

जैतून के तेल, नारियल के तेल या बादाम के तेल जैसे प्राकृतिक तेल आपके हाथों के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। सोने से पहले इन तेलों से हाथों की मालिश करें, ताकि आपकी त्वचा रात भर पोषण पा सके। यह न केवल आपकी त्वचा को पोषण दे सकते हैं, बल्कि उसे मुलायम भी बना सकते हैं। इसके अलावा ये तेल आपकी त्वचा को गहराई से नमी प्रदान करते हैं, जिससे आपके हाथ लंबे समय तक सुंदर बने रहते हैं।

### मृत कोशिकाओं को हटाएं

हफ्ते में एक बार मृत कोशिकाओं को हटाना जरूरी है, ताकि नई कोशिकाओं को बढ़ावा मिले। इसके लिए आप चीनी या नमक वाले मिश्रण का उपयोग कर सकते हैं। इन घोल से अपने हाथों को घिसें और फिर ठंडे पानी से उन्हें धो लें। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपने हाथों की खुरदरी त्वचा को आसानी से मुलायम बना सकते हैं। इन सुझावों का नियमित पालन करने से आपके हाथ स्वस्थ और सुंदर बने रहेंगे।

# स्प्रे बनाम क्रीम: गर्मियों के दौरान कौन-सी सनस्क्रीन करती है धूप से बेहतर बचाव?

सनस्क्रीन का उपयोग सूरज की हानिकारक किरणों से त्वचा की सुरक्षा के लिए किया जाता है। यह विभिन्न रूपों में उपलब्ध है, जिनमें स्प्रे और क्रीम सबसे ज्यादा प्रचलित हैं। गर्मियों में ज्यादातर लोग क्रीम सनस्क्रीन को प्राथमिकता देते हैं, वहीं कुछ लोगों को स्प्रे वाला विकल्प समझ आता है। आइए जानते हैं कि गर्मियों के लिए कौन-सी सनस्क्रीन धूप से बेहतर बचाव कर सकती है और त्वचा की देखभाल में मदद कर सकती है।

### स्प्रे सनस्क्रीन के लाभ


स्प्रे सनस्क्रीन का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसे लगाना बहुत आसान होता है। जब आप बाहर हों या जल्दी में हों तो इसे चेहरे और शरीर पर आसानी से छिड़ककर लगाया जा सकता है। यह जल्दी सूख जाती है और चिपचिपाहट महसूस नहीं होती, जो इसे गर्मियों के लिए आदर्श बनाता है। यह आपके मेकअप को भी खराब नहीं करती और आसानी से त्वचा में समा जाती है।

### क्रीम सनस्क्रीन के लाभ

क्रीम सनस्क्रीन भी अपने आप में खास होती है। यह गहराई तक त्वचा में समाती है और लंबे समय तक असरदार रहती है। अगर आप लंबे समय तक धूप में रहते हैं या स्विमिंग करते हैं तो क्रीम सनस्क्रीन अधिक प्रभावी हो सकती है। यह त्वचा को नमी प्रदान करती है और सूखने का डर नहीं रहता। इसके अलावा इसका असर लंबे समय तक बना रहता है, जिससे आपको अधिक सुरक्षा मिलती है।

### स्प्रे बनाम क्रीम: क्या है अंतर?

स्प्रे और क्रीम सनस्क्रीन, दोनों ही सूरज की हानिकारक किरणों से बचाव करती हैं। हालांकि, इनके फार्मूले अलग होते हैं। स्प्रे सनस्क्रीन में हल्का फॉर्मूला होता है, जो त्वचा पर जल्दी अवशोषित हो जाता है। वहीं क्रीम सनस्क्रीन का फॉर्मूला गाढ़ा होता है, जो त्वचा को गहराई तक सुरक्षा प्रदान करता है। इसके अलावा स्प्रे सनस्क्रीन जल्दी सूख जाती है, जबकि क्रीम सनस्क्रीन को सूखने में थोड़ा समय लगता है।



### मौसम का रखें ध्यान

मौसम भी सनस्क्रीन चुनते समय अहम भूमिका निभाता है। गर्मियों में जब तापमान ज्यादा होता है और पसीना आता है तो स्प्रे सनस्क्रीन अधिक उपयुक्त हो सकती है, क्योंकि इसे लगाना आसान होता है और यह जल्दी सूख जाती है। वहीं सर्दियों में जब हवा सूखी होती है और त्वचा को अधिक नमी की जरूरत होती है तो क्रीम सनस्क्रीन बेहतर विकल्प हो सकती है, क्योंकि यह त्वचा को गहराई तक नमी प्रदान करती है।

### त्वचा का प्रकार भी है अहम

आपकी त्वचा का प्रकार भी इस बात पर असर डालता है कि कौन-सी सनस्क्रीन बेहतर होगी। अगर आपकी त्वचा तैलीय प्रकार की है तो स्प्रे सनस्क्रीन बेहतर रहेगी, क्योंकि यह फुंसियों से बचाने में मदद करती है। वहीं सूखी त्वचा वालों के लिए क्रीम सनस्क्रीन अधिक उपयुक्त हो सकती है, क्योंकि यह त्वचा को नमी प्रदान करती है। संवेदनशील त्वचा वालों को भी क्रीम सनस्क्रीन अधिक सुरक्षित लग सकती है।

## ईरान-अमेरिका के बीच कैसे हुआ युद्धविराम? पाकिस्तान के साथ चीन की भी अहम भूमिका आई सामने

वाशिंगटन/तेहरारन, (ए.)। अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम की घोषणा भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की हो, लेकिन अब पर्दे के पीछे के खिलाड़ियों की भूमिका सामने आ रही है। ट्रंप ने अपने बयान में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असिम मुनीर का नाम लिया है, लेकिन कुछ रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने भी अहम मध्यस्थता की है। आइए समझते हैं कि युद्धविराम पर कैसे सहमति बनी।

शीर्ष राजनयिक सूत्रों के हवाले से कहा है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व में सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असिम मुनीर और विदेश मंत्री इशाक डार ने घंटों तक अन्य संबंधित पक्षों के साथ बातचीत की। पाकिस्तान के नेतृत्व ने ट्रंप और वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान, ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची और सऊदी अरब, तुर्की और मिस्र के अधिकारियों सहित प्रमुख वैश्विक हस्तियों के साथ कई बार बातचीत की। पाकिस्तान के युद्धविराम प्रस्ताव पर ईरान और अमेरिका को राजी करने में चीन की अहम भूमिका रही। रिपोर्ट के मुताबिक, एक वरिष्ठ चीनी अधिकारी ने कथित तौर पर सीधे अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस से सीधे बात की और युद्धविराम प्रस्ताव स्वीकार करने का आग्रह किया। वहीं, 2 चीनी अधिकारियों ने बताया कि ट्रंप की समयसीमा नजदीक आने के साथ ही चीन ने ईरान के साथ भी सीधे तौर पर बातचीत शुरू कर दी। ट्रंप ने भी हिचकिचाते हुए युद्धविराम में चीन की भूमिका को स्वीकार किया है। जब ट्रंप से पूछा कि क्या चीन ईरान पर बातचीत के लिए दबाव डालने में शामिल था? तो ट्रंप ने कहा, हां, ऐसा सुनने में आ रहा है। हालांकि, इससे पहले कई रिपोर्ट में कहा गया था कि युद्ध के शुरू होने के बाद ही चीन पाकिस्तान, तुर्की और मिस्र सहित मध्यस्थों के साथ मिलकर काम कर रहा था।

## चीन में बड़ा साइबर हमला, सुपरकंप्यूटर हैक कर हैकर्स ने चुराई गोपनीय फाइलें

बीजिंग । चीन से एक बड़ी साइबर घटना सामने आई है, जहां कथित तौर पर एक हैकर ने सरकारी सुपरकंप्यूटर में सेंध लगाकर भारी मात्रा में डाटा चुरा लिया है। रिपोर्ट के अनुसार यह डाटा तियानजिन के नेशनल सुपरकंप्यूटिंग सेंटर से लिया गया है। दावा है कि इसमें रक्षा से जुड़े गोपनीय दस्तावेज, मिसाइल डिजाइन और वैज्ञानिक जानकारी शामिल है। इसे अब तक की सबसे बड़ी डाटा चोरी माना जा रहा है, लेकिन अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

बताया जा रहा है कि चोरी किया गया डाटा 10 पेटाबाइट से भी ज्यादा है, जो बेहद बड़ी मात्रा मानी जाती है। हैकर ने इसका एक छोटा हिस्सा ऑनलाइन दिखाया और दावा किया कि बाकी डेटा बेचने के लिए उपलब्ध है। शुरुआती एक्सेस के लिए हजारों डॉलर और पूरे डाटा के लिए लाखों डॉलर मांगे जा रहे हैं। भुगतान क्रिप्टोकरेंसी में मांगा गया है, जिससे ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है और खतरा बढ़ जाता है।

साइबर विशेषज्ञों के अनुसार, हमलावर ने एक कमजोर नेटवर्क के जरिए सिस्टम में प्रवेश किया। इसके बाद उसने बॉटनेट नाम का प्रोग्राम इस्तेमाल किया, जिससे अलग-अलग सर्वर से धीरे-धीरे डाटा निकाला गया। यह प्रक्रिया करीब छह महीने तक चली और सिस्टम को इसका पता नहीं चला। इस तरीके से छोटे-छोटे हिस्सों में डाटा निकालकर अलर्ट से बचा गया, जिससे इतनी बड़ी चोरी संभव हो पाई और सुरक्षा में बड़ी कमी सामने आई।

इस घटना ने चीन के साइबर सुरक्षा सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी बड़ी चोरी से देश की तकनीकी और रक्षा जानकारी खतरे में पड़ सकती है। पहले भी चीन में बड़े डाटा लीक के मामले सामने आ चुके हैं, जिससे कमजोर सुरक्षा की चिंता बढ़ी है। सरकार अब सुरक्षा सुधारने पर जोर दे रही है, लेकिन इस घटना ने वैश्विक स्तर पर भी चिंता बढ़ा दी है।

# तेहरान की सड़कों पर लोग मना रहे जीत का जश्न, सीजफायर के ऐलान से प्रोटेस्टर नाखुश



तेहरान,(ए.)। ईरान की राजधानी तेहरान की सड़कों पर वर्तमान में विरोधाभासी माहौल बना हुआ है। दो सप्ताह के संघर्ष विराम (सीजफायर) के ऐलान के बाद जहां एक ओर रात से ही आम लोग राहत की सांस लेते हुए जश्न मना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार समर्थक समूहों ने इस समझौते के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लंबे समय से जारी तनाव और विनाशकारी हमलों की आशंका के बीच यह राहत भरा पल आम नागरिकों के लिए बड़ी उम्मीद लेकर आया है। लोग झंडे लेकर सड़कों पर निकल आए हैं और इस अस्थाई शांति का स्वागत कर रहे हैं। हालांकि, इस जश्न के पीछे भविष्य को लेकर कई गंभीर सवाल और आशंकाएं भी छिपी हुई हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मंगलवार को अचानक किए गए इस ऐलान ने पूरी दुनिया को चौंका दिया। गौरतलब है कि यह सीजफायर उस समय हुआ जब तेहरान को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने के लिए दी गई समय सीमा समाप्त होने वाली थी और अमेरिका ने भारी हमलों की चेतावनी दी थी। इस घोषणा के बाद तेहरान के कुछ इलाकों में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन भी देखे गए। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके झंडे जलाए और समझौते का विरोध किया। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने इसे अपनी रणनीतिक जीत करार देते हुए दावा किया है कि अमेरिका ने उनकी शर्तें मान ली हैं, जबकि व्हाइट हाउस का कहना है कि उनकी सैन्य ताकत और दबाव के कारण ही ईरान बातचीत के लिए मजबूर हुआ है।

इस पूरे घटनाक्रम पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय की भी प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ और विदेश मंत्री पेनी वोंग ने एक संयुक्त बयान जारी कर इस दो सप्ताह के संघर्ष विराम का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की बंदी और तेल व गैस सुविधाओं पर हमलों से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा था। ऑस्ट्रेलिया ने इस युद्ध को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता करने वाले देशों—पाकिस्तान, मिस्र, तुर्किये और सऊदी अरब का आभार व्यक्त किया है। फिलहाल, सीजफायर तो लागू हो गया है, लेकिन अभी तक किसी अंतिम समझौते पर मुहर नहीं लगी है। दो सप्ताह की यह अवधि केवल एक अस्थाई विराम है या स्थायी शांति की दिशा में पहला कदम, यह अभी स्पष्ट नहीं है। कूटनीतिक हलकों में सबसे बड़ा सवाल यही बना हुआ है कि क्या यह शांति टिक पाएगी या फिर दो हफ्तों बाद यह संघर्ष और अधिक विनाशकारी रूप में वापस लौटेगा। फिलहाल तेहरान की सड़कों पर खुशी और गुस्से का मिला-जुला अहसास इस अनिश्चित भविष्य की गवाही दे रहा है।

## ट्रंप ने होर्मुज में जहाज आवाजाही में मदद का प्रस्ताव दिया, कहा- ईरान पुनर्निर्माण शुरू करे

वाशिंगटन,,(ए.)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ युद्ध को 2 हफ्ते तक रोकने की घोषणा करने के 5 घंटे बाद आज के दिन को विश्व शांति के लिए बड़ा दिन बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर



ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही को सुचारू बनाने में मदद का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने लिखा कि व्यवस्था बनाने के लिए हथियारों से लदी अमेरिकी सेना वहां तैनात रहेगी, अब ईरान पुनर्निर्माण शुरू कर सकता है। ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा, विश्व शांति के लिए आज का दिन बहुत बड़ा है! ईरान भी यही चाहता है, अब उनका सब्र टूट चुका है! और ठीक इसी तरह, बाकी सभी का भी! अमेरिका, होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही को सुचारू बनाने में मदद करेगा। वहां बहुत सारे सकारात्मक काम होंगे! इससे बहुत ज़्यादा आर्थिक लाभ होगा। ईरान अब अपने पुनर्निर्माण का काम शुरू कर सकता है।ट्रंप ने आगे लिखा कि उनकी सेना तरह की जरूरी चीज़ों से लदे हुए, होर्मुज जलडमरूमध्य के पास मौजूद रहेंगे ताकि यह पक्का किया जा सके कि सब कुछ ठीक-ठाक हो।

## उत्तर कोरिया ने जापान सागर की ओर 2 चरणों में बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जापान सरकार अलर्ट



प्योंगयांग,( आरएनएस)। पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच उत्तर कोरिया ने बुधवार को 2 चरणों में कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। इसकी पुष्टि जापानी सरकार और दक्षिण कोरिया की सेना ने की है। दक्षिण कोरियाई ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी प्रांत कांगवोन के वॉनसन क्षेत्र से जापान सागर की ओर कई छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं हैं। घटना के बाद दक्षिण कोरिया और जापान ने सतर्कता बढ़ा दी है।

जापान तटरक्षक बल ने उत्तर कोरिया से एक बैलिस्टिक मिसाइल होने के संदेह वाली वस्तु की लॉन्चिंग का पता चलने पर अलर्ट जारी किया है। उसने कहा कि जहाजों को सतर्क रहने की सलाह दी जाती है और अगर कोई मलबा गिरता दिखे, तो उससे दूरी बनाए और बल को कोई भी प्रासंगिक जानकारी दें। जापानी प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी विमानों, जहाजों और अन्य संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आकस्मिक स्थितियों के लिए तैयार रहने को कहा है।

# अमेरिकी मां का पायलट बेटा तो लौट आया, ईरान की सैकड़ों मां ने खो दिए अपने लाल

### -इजराइल-अमेरिकी हमलों में अब तक साढ़े तीन हजार से ज्यादा ईरानी लोगों की मौत

वाशिंगटन,(ए.)। सोशल मीडिया पर बीते दिनों एक मां का संदेश आया। वह अपने फाइटर पायलट बेटे के लिए परेशान थीं। उन्होंने एक्स पर लिखा- आज की रात प्रार्थनाओं में उन दो एफ-15 पायलटों को याद रखें, जिनके विमान ईरान ने गिरा दिए हैं। अमेरिका ने तलाशी अभियान चलाकर अपने पायलट बचा लिया। उस मां के बेटे को भी, लेकिन यह सिर्फ एक पहलू है, दूसरी तरफ ईरान की सैकड़ों मां आंसुओं में डूबी हैं। इस युद्ध में अब तक साढ़े तीन हजार से ज्यादा ईरानी लोगों की मौत हो चुकी है। 1600 से ज्यादा आम नागरिक मारे गए हैं और इनमें करीब 250 बच्चे शामिल हैं। संघर्ष के पहले



ही दिन तेहरान के पास मिनाब में एक स्कूल पर इजराइल-अमेरिकी ने हमला किया, जिसमें सौ से ज्यादा स्कूली बच्चियों की जान चली गई। ईरान की जिन मां ने अपने बच्चों को खोया है, क्या उनके दुख की कल्पना भी की जा सकती है। फिर पश्चिम एशिया के उन लोगों की भी सोचिए, जो बमों-मिसाइलों के धमाकों की दहशत में दिन-रात गुजार रहे हैं। कहीं यह युद्ध उन्हें हमेशा के लिए बदल न दे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका और इस्राइल इस युद्ध को जरूरी बता रहे हैं। युद्ध से कोई समाधान नहीं निकलता। हिंसा हमेशा प्रतिहिंसा को जन्म देती है, जिसमें मानवता की आहूति दी जाती है। युद्ध से फायदा होता है तो सिर्फ हथियार बेचने वाली कंपनियों को और उन सत्ताधीशों को, जो इसकी आड़ में राष्ट्रवाद का ज्वार बढ़ाकर अपनी सत्ता बचाने की कोशिश करते हैं।

# खेल समाचार

# 17 वर्षीय दृष्टिबाधित भारतीय तैराक ने रचा इतिहास, 11 घंटे 15 मिनट में तय की 38 किलोमीटर की यात्रा

नागपुर,(ए.)। कहते हैं कि दृढ़ संकल्प एक ऐसी शांत शक्ति है जो बाधाओं को मील के पत्थरों में बदल देती है और असंभव को संभव बना देती है. नागपुर की 17 वर्षीय दृष्टिबाधित तैराक ईश्वरी पांडे ने पाक स्ट्रैट को तैरकर सफलतापूर्वक पार करके इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है. वह दुनिया की पहली ऐसी दृष्टिबाधित तैराक बन गई हैं जिन्होंने यह कारनामा कर दिखाया है।

जन्म से ही दृष्टिबाधित ईश्वरी ने श्रीलंका के तलाईमन्नार से अपनी तैराकी शुरू की और भारत के धनुषकोडी (तमिलनाडु) तक की 38 किलोमीटर की यात्रा 11 घंटे 15 मिनट में पूरी की. उन्होंने 6 अप्रैल को सुबह करीब 4:00 बजे उरमालाई पॉइंट के पास पानी में प्रवेश किया और 7 अप्रैल की दोपहर 3:15 बजे धनुषकोडी स्थित अरिचलमुनाई पहुंचीं।

इस अभियान को पूरा करने के लिए उन्हें समुद्र की तेज धाराओं, बदलते ज्वार-भाटा, भारी बारिश और तेज हवाओं का सामना करना पड़ा. उन्होंने जेलीफिश और शार्क जैसे खतरनाक समुद्री जीवों के बीच से भी रास्ता बनाया, जो इस उपलब्धि को और भी अधिक उल्लेखनीय बनाता है।



ईश्वरी के कोच संजय बटवे ने अपनी शिष्या द्वारा बनाए गए विश्व रिकॉर्ड पर प्रसन्नता व्यक्त की. उन्होंने कहा कि ईश्वरी का यह कारनामा सचमुच तारीफ के काबिल है. इस मिशन के दौरान उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा. प्रकृति ने भी उनकी खूब परीक्षा ली. बारिश, हवा और तेज लहरों की वजह से उन्हें काफी तकलीफ उठानी पड़ी. इसी वजह से, इस कार्यक्रम की शुरुआत चार घंटे देर से हुई. आखिरकार, श्रीलंकाई सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद, ईश्वरी सुबह 4 बजे तलाईमन्नार जेटी से समुद्र में कूद गईं.नागपुर के अनुभवी तैराकों की एक टीम ईश्वरी के साथ पेस स्विमर (गति बनाए रखने वाले तैराक) के तौर पर मौजूद थी, जिसमें ईशान पांडे, रविंद्र तरारे, भावी राजगिरे, संदीप वैद्य, शंकर अष्टनकर, विलास फाले और डॉ. नीरव पांड्या शामिल थे. सहायता टीम में चिकित्सा दल के सदस्य के रूप में डॉ. अभय राजगिरे भी शामिल थे.राष्ट्रीय कोच विजयकुमार इस दौरान पर्यवेक्षक के तौर पर मौजूद थे. तमिलनाडु जिला तैराकी संघ के जयकुमार और अंतरराष्ट्रीय ओपन-वॉटर तैराक सुखदेव धुर्वे भी इस अभियान के दौरान उपस्थित थे.जन्म से ही दोनों आँखों से दृष्टिहीन ईश्वरी ने, ओपन वॉटर तैराकी प्रतियोगिताओं में लगातार अपनी क्षमता साबित की है. ईश्वरी की यह उपलब्धि दृढ़ संकल्प और लगन का एक बेहतरीन उदाहरण है।

## शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में डेविड वॉर्नर ने मानी गलती

सिडनी ,(ए.)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर से जुड़े ड्रिंक-ड्राइविंग केस में नई जानकारी सामने आई है। वार्नर ने शराब के नशे में गाड़ी चलाने के आरोप को स्वीकार कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक डेविड वॉर्नर ने पुलिस को बताया कि सिडनी के पूर्वी उपनगरों में



रोके जाने से कुछ देर पहले उन्होंने शराब पी थी। न्यूजकॉर्प की रिपोर्ट के मुताबिक, वार्नर ने कथित तौर पर अधिकारियों को बताया कि ईस्टर संडे को गाड़ी चलाने से पहले वह एक दोस्त के साथ शराब पी रहे थे। उन्होंने बताया कि मारौबरा में अपने घर वापस जाने की कोशिश करने से पहले उन्होंने तीन ग्लास वाइन पी थी। 39 साल के वार्नर को एक रैंडम ब्रेथ-टेस्टिंग ऑपरेशन के दौरान रोका गया, जहां पुलिस ने देखा कि एक वैन चेकपॉइंट से थोड़ी दूर रुककर पार्क कर रही है।फिर अधिकारी गाड़ी के पास गए और सड़क किनारे टेस्ट किया, जिसमें अल्कोहल की पॉजिटिव रीडिंग आई। फिर वार्नर को आगे की जांच के लिए मारौबरा पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां कथित तौर पर उनके खून में अल्कोहल का स्तर 0.104 दर्ज किया गया, जो कानूनी सीमा से दोगुने से भी अधिक है। तब से उन पर ड्रिंक-ड्राइविंग के एक मिड-रेंज अपराध का आरोप लगाया गया है। उन्हें 7 मई को डाउनिंग सेंटर स्थानीय कोर्ट में पेश होना है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके डेविड वॉर्नर पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में कराची किंग्स की कप्तानी कर रहे हैं।वह टूर्नामेंट में ब्रेक के दौरान कुछ समय के लिए ऑस्ट्रेलिया लौटे थे। वॉर्नर अगर दोषी पाए जाते हैं, तो इस आरोप का असर उनके कमर्शियल कामों और प्रोफेशनल कमिटमेंट्स पर पड़ सकता है।

## केकेआर और सुपरजायंट के बीच आज होगा मुकाबला




कोलकाता (ए.)। कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) टीम गुरुवार को यहां के ईडन गार्डन में होने वाले आईपीएल मुकाबले में लखपऊ सुपरजायंट्स का सामना करेगी। केकेआर का लक्ष्य इस मैच में घरेलू मैदान का लाभ उठाकर सत्र में पहली जीत करना रहेगा। इस सत्र में अब तक हुए तीनो ही मैचों में केकेआर हारी है। इससे वह काफी दबाव में है। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी अब तक असफल रही है। अभी तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो दोनो टीमों के बीच 6 मैच हुए हैं जिसमें से 2 केकेआर जबकि 4 सुपर जायंट्स ने जीते हैं। इन दोनों ही टीमों के बीच आखिरी मुकाबला पिछले आईपीएल सत्र में कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में ही खेला गया था जहां लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने 238 रनों का स्कोर करके केकेआर पर 4 रनों से जीत दर्ज की। ऐसे में इस मैच में भी सुपर जायंट्स का पलड़ा भारी नजर आता है।

सुपर जायंट्स ने पिछले मैच में जीत दर्ज की थी जिससे उसका मनोबल भी बढ़ा हुआ है। इसके अलावा कप्तान ऋषभ पंत के फार्म हासिल करने से भी टीम का होंसला बढ़ा हैं। वहीं केकेआर के कप्तान आजिंक्य रहाणे ने भी अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है पर टीम के अन्य खिलाड़ियों से उन्हें सहयोग नहीं मिला है। इस मैच में टॉस की भी अहम भूमिका रहेगी। इस मैदान पर टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना अधिक पसंद करती है। यहां टी20 में पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 163 रन रहा है। केकेआर की टीम से फिन एलन, अंगकृष रघुवंशी, ब्लेसिंग मुज़ारबानी अहम खिलाड़ी होंगे जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स टीम में मिचेल मार्श, एडेन मार्करम और मोहम्मद शमी पर सभी की नजरें रहेंगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

केकेआर : अजिंक्य रहाणे (कप्तान), फिन एलन, कैमरून ग्रीन, अंगकृष रघुवंशी (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, अनूकुल रॉय, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, ब्लेसिंग मुज़ारबानी, कार्तिक त्यागी। इम्पैक्ट प्लेयर- वरुण चक्रवर्ती। लखनऊ सुपर जायंट्स : ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), एडेन मार्कराम, मिचेल मार्श, आयुष बडोनी, निकोलस पूरन, अब्दुल समद, मुकुल चौधरी, आवेश खान, दिग्वेश राठी, प्रिंस यादव, मोहम्मद शमी। इम्पैक्ट प्लेयर= मोहसिन खान/मणिमरण सिद्धार्थ।

## वैभव सूर्यवंशी परीक्षा में पास, राजस्थान ने मुंबई को बुरी तरह हराया

नईदिल्ली,(ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियन को 27 रनों से हराकर सीजन में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की. बारिश से बाधित मैच को 11-11 ओवर का खेला गया. टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने वैभव के 14 गेंद में 39 और जायसवाल के 32 गेंद में 77 रनों की बदौलत 3 विकेट खोकर 150 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया. जवाब में मुंबई की टीम को वैसी शुरुआत नहीं मिली, जैसी राजस्थान को वैभव और जयसवाल ने दी, जिसकी वजह से वो 11 ओवर में 9 विकेट खोकर 123 रन ही बना सके और 27 रनों से मैच हार गए।

राजस्थान की शानदार गेंदबाजी के सामने मुंबई का टॉप ऑर्डर पुरी तरह से फ्लॉप रहा. रोहित 5, रिकल्टन 8, सूर्या 6, हार्दिक 9 और तिलक 14 रन ही बना सके. इसके अलावा नमन धीर और इम्पैक्ट प्लेयर रेदरफोर्ड ने 25-25 रनों की कुछ अच्छी पारी खेली. जिससे मुंबई 100 के पार पहुंच सका और हार के अंतर को कुछ कम किया. राजस्थान की तरफ से बर्गर, बिश्नोई और संदीप को 2-2 विकेट मिले, जबकि तुषार और आर्चर को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले वैभव और जयसावाल ने शानदार शुरुआत करके राजस्थान के लिए बड़े स्कोर की नीव रखी. वैभव सूर्यवंशी ने 14 गेंद में 39 रन बनाए, जिसमें 1 चौका और 5 छक्के शामिल थे. खास बात ये है कि उन्होंने दो छक्के जसप्रीत बुमराह को और एक छक्का ट्रेंट बोल्ट को भी लगाया. वहीं जायसवाल 32 गेंद में 77 रन बनाकर नाबाद रहे. उन्होंने अपनी पारी के दौरान 10 चौके और 4 छक्के लगाए. इस पारी की वजह से उनको प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी दिया गया।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11

राजस्थान रॉयल्स (प्लेइंग इलेवन): वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग (कप्तान), शिम्रोन हेटमायर, डोनोवन फरेरा, रवींद्र जड़ेजा, जोफ्रा आर्चर, नंद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा।

मुंबई इंडियंस (प्लेइंग इलेवन): रोहित शर्मा, रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या (कप्तान), नमन धीर, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर, एएम ग़ज़नफ़र, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह।

## ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वॉर्नर गिरफ्तार, मिली जमानत, 7 मई को अगली सुनवाई

नईदिल्ली(ए.)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर डेविड वॉर्नर को सिडनी में गिरफ्तार कर लिया गया. उनपर सिडनी में शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप लगा था. वॉर्नर इस समय पाकिस्तान सुपर लीग के 11वें सीजन में कराची किंग्स की कप्तानी कर रहे हैं. वो कुछ दिनों का ब्रेक लेकर अपने देश लौटे थे.रिपोर्ट के अनुसार, न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने पुष्टि की है कि 5 अप्रैल को रात लगभग 11:20 बजे वॉर्नर को रैंडम ब्रेथ टेस्ट (सांस की जांच) के लिए रोका गया था. रिपोर्ट के मुताबिक, वॉर्नर का टेस्ट पॉजिटिव पाया गया, जिसके बाद उन्हें आगे की जांच के लिए पुलिस स्टेशन ले जाया गया. जहां पर भी उनका टेस्ट किया गया.रिपोर्ट में बताया गया कि वॉर्नर के शरीर में अल्कोहल की मात्रा 0.104 पाई गई. जिसके बाद उनको कोर्ट में पेश किया गया, जहां वॉर्नर को 7 मई को पेश होने के लिए नोटिस जारी किया गया. न्यू साउथ वेल्स पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, वॉर्नर को गुरुवार, 7 मई को लोकल कोर्ट में पेश होने का नोटिस दिया गया है. जांच अभी जारी है, लेकिन कोर्ट में पेशी की तारीख आने तक उन्हें रिहा कर दिया गया है.अगर वॉर्नर दोषी पाए जाते हैं, तो न्यू साउथ वेल्स में मध्यम-श्रेणी के पीसीए अपराध के लिए अधिकतम सजा में 2200 का जुर्माना, जेल की सजा, और लाइसेंस रद्द होने की अनिवार्य अवधि शामिल है।

# कांग्रेसी आज करेंगे कलेक्ट्रेट का घेराव

### किसानों की समस्याओं को लेकर देंगे धरना

नर्मदापुरम( निप्र)। जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम् एवं जिला किसान कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में किसानों की विभिन्न समस्याओ को लेकर 9 अप्रैल गुरुवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक जिला कांग्रेसध्यक्ष शिवा कांत पाण्डेय एवं किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम के समक्ष पत्रकार भवन के समक्ष पीपल चौक पर धरना प्रदर्शन एवं कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने सभी कांग्रेसियों से इस धरना प्रदर्शन में शामिल होने का आग्रह किया है।

# हुई बूंदा बांदी चली तेज हवाएं, धूल भरी हवाओं ने सड़कों का कचरा घरों में उडेला

### वाहन चालकों को सड़कों पर वाहन चलाने में हुई परेशानी



नर्मदापुरम( निप्र)। बाजार में बुधवार शाम को अचानक धूल भरी आंधी चलने से लोग घबराने लगे। दोपहर के समय हवाओं का रूख तेज होने लगा जिसके असर के चलते कुछ देर पतझड़ होने के बाद धूल भरी आंधी चलने से पत्ते और धूल के गुबार लोगों के घरों तक पहुंच गए। जो कचरा सडकों पर पडा था वह तेज हवाओं के साथ लोगों के घरों में पहुंच गया। वहीं बाजार में लोग सडकों पर चलने में डर रहे थे। क्योंकि कचरे के साथ दुकानदारों के बोर्ड गिरने लगे थे। वहीं पेड और पेड की डालियां तक गिरने से बिजली गुल हो गई जो काफी देर तक नहीं आ सकी। इस तरह अचानक मौसम में आए बदलाव के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। शहर के अनेक क्षेत्रों में बिजली कई घंटों तक गुल रहने से शाम के समय लोगों के घरेलू कार्य में व्यवधान हुआ। जब तेज आंधी चल रही थी उसके साथ उड रहे कचरे और धूल के कारण लोगों को दो पहिया वाहन चलाना दूभर हो रहा था। यह क्रम करीब आधा घंटे तक जारी रहा।

# तेजगति से चल रहा अमृत 2-0 पेयजल सप्लाई का कार्य

### मीनाक्षी क्षेत्र से हटाया अतिक्रमण

नर्मदापुरम (निप्र)। नगर नागरिकों को निर्बाध रूप से पेयजल सप्लाई होती रहे इसके लिए नगरपालिका द्वारा अमृत 2.0 के तहत कार्य तेजगति से किया जा रहा है। बुधवार को मीनाक्षी क्षेत्र से एनएमवी कालेज तक अमृत 2 के तहत कार्य चल रहा है। जिसके चलते मीनाक्षी क्षेत्र स्थित दीवार से लगी दुकानों को भी हटाया गया है। उपयंत्री आयुषी रिछारिया ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में अमृत 2 योजना के तहत पेयजल संबंधी पाइप लाइन डाली जा रही है। जिसका कार्य इंटकबेल से फिल्टर प्लांट तक चल रहा है। जिसके चलते मीनाक्षी क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया गया है। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा बताया गया कि नगर में पेयजल निर्बाध रूप से मिलता रहे इसके लिए नगर में अमृत 2-0 योजना के तहत पाइप लाइन डालने का कार्य तेजगति से चल रहा है। ठेकेदार को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# बिजली कटौती से संभाग मुख्यालय के नागरिक परेशान

नर्मदापुरम( निप्र)। जैसे जैसे गर्मी अपना रोद्र रूप ले रही है। बिजली कंपनी भी नागरिकों की परीक्षा ले रही है। बीते तीन दिनों से बिजली कंपनी के द्वारा कुछ ज्यादा ही मेंटनेंस के नाम पर कटौती की जा रही है। बीती रात तो अचानक बिजली ने पूरे शहर को परेशान किया। दिन में अनेक बार अघोषित कटौती होने के बाद रात में शाम होते ही जो बिजली गुल हुई तो रात के 10 बजे आई फिर भी आती जाती बनी रही। जिससे पूरा शहर परेशान हुआ। ऐसा ही कुछ बुधवार को भी दिन में अनेक बार बिजली गुल होने से नागरिकों में बिजली कंपनी के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। नागरिकों का कहना है कि बिजली कंपनी बिल तो पूरा ले रही है। सुविधा के नाम पर जब नागरिकों को बिजली की जरूरत है तब मेंटनेंस के नाम पर अनेक घटों तक बिजली की कटोती की जा रही है। कुछ समय अघोषित अब घोषित रूप से सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक मेंटनेस किया जाना है। तब भी कटौती होना है।

# *नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा किया गया निरीक्षण*

### *प्रतिमा स्थलों की होगी सफाई जीर्णोद्वार के दिए निर्देश*

*नर्मदापुरम( निप्र)। 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती मनाए जाने को लेकर बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा प्रतिमा स्थलों का निरीक्षण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा पेट्रोल पंप के सामने स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थलए संत श्रीरामजी बाबा समाधि के सामने पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा स्थल और सतरस्ते पर स्थित पं श्याम प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थल का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने तीनों स्थलों की साफ सफाई करने तथा जीर्णोद्वार करने निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नपा उपयंत्री आयुषी रिछारिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारीगण और कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।*

# कमिश्नर ने बनखेड़ी के ओलावृष्टि से प्रभावित ग्राम डंगरहाई एवं धडाव पड़ाव में फसल नुकसान एवं मकान क्षति का जायजा लिया

### प्रभावित किसानों के खेतों का सर्वे कर हर संभव सहायता राशि दी जाएगी - कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी



नर्मदापुरम( निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी बुधवार को बनखेड़ी तहसील के ओलावृष्टि से प्रभावित ग्राम डंगरहाई एवं धडाव पडाव पहुंचकर फसल नुकसान एवं मकान क्षति का जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने प्रभावित किसानों से आमने-सामने चर्चा कर उन्हें भरोसा दिलाया कि सभी प्रभावित किसानों के खेतों का सर्वे कर शासन से हर संभव सहायता राशि दिलाई जाएगी। इस दौरान उन्होंने ग्राम डंगरहाई एवं धडाव पड़ाव में तरबूज एवं खरबूज की फसल नुकसान का भी जायजा लिया और शासन के निर्देश अनुसार सर्वे कर नुकसान की भरपाई कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान एसडीएम पिपरिया आकिप खान, तहसीलदार श्रीमती अंजू सिंह लोधी, जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीना कुमारिया सहित तहसील एवं जनपद पंचायत से संबंधित अधिकारी गण उपस्थित थे। कमिश्नर श्री तिवारी ने ग्राम डंगर हाई एवं धडाव पडाव में खेतों में पहुंचकर गेहूं की फसल एवं तरबूज एवं खरबूज की फसल मैं हुए वास्तविक नुकसान का आकलन किया। उन्होंने सभी किसानों से आमने-सामने चर्चा कर उनकी अब तक हुई फसल नुकसान की जानकारी प्राप्त की। कमिश्नर ने बताया कि सर्व दल का गठन किया गया है जो सूक्ष्मता से सर्वे का कार्य कर रहा है। सर्वे का कार्य जैसे ही पूर्ण होगा। प्रभावित किसानों को उनके रकबे के अनुसार शासन द्वारा निर्धारित राहत राशि प्रदान की जाएगी। मौके पर मौजूद पटवारी ने अवगत कराया की डंगर हाई में 648 हेक्टेयर खेती की जमीन है। जिनमें से 46 हेकटेयर की खेती ओलावृष्टि से प्रभावित हुई है। ओला वृष्टि से गेहूं एवं तरबूज एवं खरबूज की फसलों को नुकसान है। गेहूं में दाने झड़ गए हैं। इसके साथ ही समीप के ग्राम विजन हाई और झिरिया में भी ओला वृष्टि से फसलों को नुकसान पहुंचा हुआ है। कमिश्नर ने कहा कि खेत की श्रेणी के अनुसार सीमांत लघु एवं मध्य श्रेणी के अनुसार मुआवजा का प्रकरण तैयार किया जाएगा और उसी के अनुसार राहत राशि दी जाएगी। कमिश्नर ने मौके पर ही मौजूद मनजीत सिंह के खेत पर पहुंचकर गेहूं की फसल में हुई नुकसानी का जायजा लिया। किसान मनजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने कोली पर खेत लिया था। कमिश्नर ने कहा कि कोली नामा लेकर नुकसान का मुआवजा दिया जाएगा। 20 मिनट ओले गिरने से व्यापक पैमाने पर फसल क्षति हुई है।। कमिश्नर ने डंगर हाई में ही तरबूज की खेती पर हुए नुकसान का भी आकलन किया। उन्होंने जसमेर सिंह के खेत पर पहुंचकर तरबूज की फसल नुकसान की स्थिति देखी। तहसीलदार ने बताया कि कृषि और उद्यानिकी विभाग के द्वारा भी सर्वे कराया जा रहा है। नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाएगा। कमिश्नर ने इस दौरान किसान हक्कू कुमरे के खेत में पहुंचकर गेहूं नुकसान का जायजा लिया और पटवारी को सर्वे के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# टीईटी के विरोध संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में ज्ञापन



नर्मदापुरम( निप्र)। संयुक्त मोर्चा नर्मदापुरम ने बुधवार को पत्रकार भवन के सामने पीपल चौक पर धरना दिया। विशाल रैली निकालकर तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर को प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम टीईटी के विरोध में ज्ञापन सौंपा। जिसमें हजारों की संख्या में शिक्षक महिलाएं पुरुष साथियों ने उपस्थिति दी।

ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से उमेश ठाकुर अंजू नारोलिया गजेन्द्र बछले सुनील साहू कैलाश पुरोहित संतोष दीवान कुंवर सिंह बड़ेवा योगेन्द्र सिंह पटेल शिवदुवेदी अर्जुन रघुवंशी जितेंद्र वैरागी दुर्गा कुशवाहा राजन रघुवंशी सुरेन्द्र पटेल ध्रुव यदुवंशी संजय राय कैलाश पुरोहित योगेन्द्र पटेल राकेश तिवारी मोहन सिंह राजपूत प्रवीण दुबे संजीव द्विवेदी आर के पुरोहित रोहित शुक्ला संतोष शर्मा सालक राम मीना मुकेश दुबे श्री मति सुषमा मौर्य जोसेफ मोनिका जोशी माया मालवीय अर्पणा जोशी मणि तिवारी रीता गुरु किरण चौरे अनीता कुंडू मेहनिगार खान पवित्रा रघुवंशी सविता दुवे सरला यूके ज्योति सूर्यवंशी रानी आम्रवनसी आदि सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए।

# कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशन में जिले की 9 हजार से अधिक 14 से 15 आयु वर्ग की बालिकाओं का हुआ एचपीवी वैक्सीनेशन

### 84 प्रतिशत वैक्सीनेशन के साथ प्रदेश स्तर पर 6वें स्थान पर पहुंचा नर्मदापुरम



नर्मदापुरम( निप्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 28 फरवरी से अजमेर से प्रारंभ किए गए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान के तहत नर्मदापुरम जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंडों में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार 14 से 15 वर्ष आयु की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन का मुफ्त में डोज उपलब्ध करवाया जा रहा है। नर्मदापुरम में अब तक 9359 बालिकाओं के टीकाकरण के साथ ही जिले की 84 प्रतिशत पात्र बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है। जिला मीडिया प्रभारी स्वास्थ विभाग सुनील साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान प्रगति के अनुसार ब्लॉक वार टीकाकरण में अब तक बनखेड़ी में 1247, पिपरिया में 1148, सोहागपुर में 1352, माखननगर में 1184, केसला में 1008, सिवनी मालवा में 1207, डोलरिया में 907, नर्मदापुरम में 844 एवं इटारसी में 462 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है। इस प्रकार कुल 84 प्रतिशत बालिकाओं को जीवन रक्षक वैक्सीन को डोज दी जा चुकी है। सीएमएचओ नर्मदापुरम डॉ नरसिंह गहलोत ने बताया कि टीकाकरण के पश्चात किसी भी बालिका को किसी भी प्रकार की समस्या अथवा कोई भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है।

जिला आज दिनांक तक की स्थिति में प्रदेश स्तर पर 6वें स्थान पर है।

टीकाकरण के लिए अभिभावक अपनी बेटियों का पंजीकरण यू-विन (U-WIN) पोर्टल के माध्यम से भी कर सकते हैं। जिले में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम, सिविल अस्पताल इटारसी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनखेड़ी, पिपरिया, सोहागपुर, माखननगर, सुखतवा, सिवनी मालवा एवं डोलरिया में एचपीवी वैक्सीनेशन की सुविधा उपलब्ध है। अभिभावक अवकाश दिनों के अतिरिक्त अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र पहुंच कर अपनी 14 से 15 वर्ष तक की बालिकाओं का वैक्सिनेशन करवा सकते हैं।

### *संचार एवं सकर्म स्थायी समिति की बैठक 09 अप्रैल को*

*नर्मदापुरम( निप्र)। संचार एवं संकर्म स्थायी समिति जिला पंचायत नर्मदापुरम की बैठक का आयोजन 09 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 03:00 बजे से लोक निर्माण विभाग संभाग क्र. 1 नर्मदापुरम के सभाकक्ष में किया गया है।बैठक में ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल सुविधा एवं उनके लिए की गई आवश्यक व्यवस्था, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों, वर्षाकाल में क्षतिग्रस्त मार्गों के मरम्मत कार्य कराया जाना, ग्राम सम्पर्क सड़क योजना (बारहमासी योजना), लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण, उपसंभाग क्र. 1 में चल रहे कार्यों, लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों, ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत वितरण प्रणाली में सुधार लाना, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों एवं अन्य बिन्दु पर समीक्षा की जाएगी।*

# कलेक्टर के निर्देश पर खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रशासन की सख्त कार्यवाही

### भोपाल तिराहा के पास अवैध मिट्टी भंडारण पर प्रशासन की कार्रवाई, 798.6 घनमीटर मिट्टी जप्त




नर्मदापुरम( निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन एवं भंडारण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में भोपाल तिराहा के समीप कुंज मैरिज गार्डन के सामने किए जा रहे मिट्टी के भंडारण की शिकायत प्राप्त होने पर मामले की संयुक्त जांच तहसीलदार श्रीमती सरिता मालवीय, नायब तहसीलदार नर्मदापुरम एवं खनि निरीक्षक पिंकी चौहान द्वारा की गई। जांच के दौरान ग्राम खोजनपुर, तहसील नर्मदापुरम स्थित उक्त स्थल पर मिट्टी का अवैध भंडारण पाया गया। राजस्व अभिलेखों के अनुसार यह भूमि रमेश पिता जगना यादव, निवासी ग्वालटोली काली मंदिर के पास, नर्मदापुरम के नाम दर्ज है। जांच के दौरान पूछताछ में सामने आया कि उक्त भूमि पर मिट्टी का अवैध भंडारण इमरतलाल उर्फ मुन्ना ग्वाला द्वारा डम्परों के माध्यम से किया गया है। टीम द्वारा मौके पर भंडारित मिट्टी का मापन टेप से किया गया, जिसमें कुल 798.6 घनमीटर मिट्टी का अवैध भंडारण पाया गया। कार्रवाई करते हुए राजस्व एवं खनिज विभाग की टीम ने उक्त मिट्टी को जप्त कर ग्राम कोटवार की सुपुर्दगी में सुरक्षार्थ रखा है। प्रशासन द्वारा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया जा रहा है।

# राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने बांके बिहारी महिला मंडल को वितरित की भजन सामग्री



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने निज निवास स्थित कार्यालय पर वार्ड 21, कंचन नगर रसूलिया बांके बिहारी भजन मंडल को भजन सामग्री प्रदान की। सांसद ने कहा कि भजन मंडलियों की सक्रिय भागीदारी समाज में आध्यात्मिक चेतना के प्रसार में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सांस्कृतिक पहलें हमारी परंपराओं और मूल्यों के संरक्षण में सहायक सिद्ध होती हैं। इस अवसर पर नर्मदापुरम मंडल के अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वय विकास नारोलिया एवं रोहित गौर, सहित अन्य वरिष्ठ जन एवं मंडल की बहने श्रीमती शशि गौर, श्रीमती प्रीति बघेल, श्रीमती राखी यादव, श्रीमती संगीता कुशवाहा, श्रीमती यादव सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# पोषण पखवाड़ा 2026 के सफल संचालन हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित



नर्मदापुरम( निप्र)। बुधवार को संभागीय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी की अध्यक्षता में परियोजना इटारसी अंतर्गत समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए 8वां पोषण पखवाड़ा (09 से 23 अप्रैल 2026) के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि इस वर्ष पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिनका उद्देश्य समुदाय में पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन लाना है। पोषण पखवाड़ा 2026 की प्रमुख थीम में माँ एवं शिशु पोषण, जीवन के प्रथम 1000 दिनों में मस्तिष्क विकास हेतु प्रारंभिक प्रोत्साहन (0-3 वर्ष), प्रारंभिक वर्षों में खेल आधारित शिक्षा, बच्चों में स्क्रीन टाइम को कम करने में अभिभावकों एवं समुदाय की भूमिका तथा सशक्त आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना शामिल है।इस अवसर पर मिशन नींव (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा) के अंतर्गत जिला समन्वयक वीरेंद्र कीर द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बच्चों के समग्र विकास के लिए खेल-आधारित शिक्षण, संज्ञानात्मक एवं भाषा विकास तथा सामाजिक-भावनात्मक कौशल को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों के संचालन पर विशेष मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे पखवाड़ा अवधि में जन-जागरूकता अभियान, घर-घर संपर्क, सामुदायिक कार्यक्रम, रैली एवं पोषण संबंधी गतिविधियों का आयोजन करें, जिससे अधिक से अधिक लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुपोषण में कमी लाना, स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करना तथा समुदाय में सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन सुनिश्चित करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति शुक्ला, सौरभ साहू (संभागीय कार्यालय), पर्यवेक्षक श्रीमती अर्चना बस्तवार, श्रीमती रेखा चौरे, पोषण अभियान ब्लॉक समन्वयक हिना खान सहित समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत हुआ जल मंदिर का उद्घाटन

नर्मदापुरम( निप्र)। जन अभियान परिषद द्वारा समस्त जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है इसी के अन्तर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बनवारी में जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। जिसमें जल बचाओ अभियान अंतर्गत लोगों को मार्गदर्शित किया गया।इस अवसर पर मजिस्ट्रेट पिपरिया से अखिलेश, चांडक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक दयाशंकर उमरे, नवाकुर संस्था श्री हरिहर सेवा समिति के अध्यक्ष खूबचंद रघुवंशी, आराध्या सामाजिक संस्थान हाथवास महेंद्र पटेल, बृजकिशोर पठारिया, जिला पंचायत सदस्य वुमने चाइल्ड ओलडेरस वेल्फेयर सोसाइटी पिपरिया से अध्यक्ष शीतल मौर्य मुख्यमंत्री सोशल इटर मनीराम समस्त ग्राम वासि उपस्थित रहे।

# सीहोर में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करने पर 04 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

*सीहोर (निप्र) कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने और घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग एवं अनियमितताओं को रोकने के लिए जिला आपूर्ति श्रीमती रेशमा भामोर और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रकाश सिंह यादव द्वारा सीहोर के साई रेस्टोरेंट, लल्लनटाप रेस्टोरेंट भोजनालय, जिरकॉन होटल, रामटी स्टॉल, कस्पी तड़का रेस्टॉरेंट, दक्षिण वाणी रेस्टोरेंट एवं राय टी स्टॉल सहित विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट एवं गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग पाए जाने पर रेस्टोरेंट एवं प्रतिष्ठानों से 04 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।*

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*